Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 175 | शुक्रवार, 27 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया






## डिजिटल इंडिया और ग्रीन इंडिया को देगा मजबूती, 30 मेगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर

# सीएम योगी ने किया देश के पहले ग्रीन डेटा सेंटर का शिलान्यास

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** गाजियाबाद एक बार फिर देश की तकनीकी और औद्योगिक क्रांति का गवाह बना, जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को साहिबाबाद में सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) और ईएसडीएस की साझेदारी से विकसित होने वाले ग्रीनफील्ड डेटा सेंटर का शिलान्यास किया। यह डेटा सेंटर न केवल डिजिटल इंडिया को ऊर्जा देगा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2070 तक देश को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सीईएल की प्रगति और पुनरुत्थान को आत्मनिर्भर भारत का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब इस संस्था पर संकट के बादल मंडरा रहे थे और इसे निजीकरण की सूची में डाल दिया गया था, लेकिन आज यह लाभ में चल रही मिनी रत्न कंपनी के रूप में केंद्र सरकार को लाभांश का चेक सौंप रही है। उन्होंने कहा कि यह संस्था अब 'अमृत कालज्में प्रवेश कर चुकी है और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभा रही है। सीएम योगी ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की तेजी से बदलती छवि का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य की अर्थव्यवस्था बीते वर्षों में ढाई गुना बढ़ी है और छह करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। आज निवेशक उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे उभरता हुआ औद्योगिक और तकनीकी केंद्र मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2027 तक राज्य में 20,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें सीईएल की केंद्रीय भूमिका होगी। शिलान्यास समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और ग्रीन डेटा सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। इस अवसर पर सीईएल की ओर से भारत सरकार को 21 करोड़ रुपये का लाभांश चेक भेंट किया गया। साथ ही मल्टी इंफ्रा के साथ 200

### 2027

**तक राज्य में 20,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है**

मेगावाट सोलर मॉड्यूल के निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण एमओयू भी हस्तांतरित किया गया। मुख्यमंत्री ने सीईएल द्वारा रक्षा, रेलवे, अक्षय ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्रों में किए जा रहे नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता का मजबूत स्तंभ बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश का पहला सोलर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल सीईएल ने तैयार किया था और अब यह देश का पहला ग्रीनफील्ड डेटा सेंटर भी विकसित कर रहा है। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस और आकाश जैसी मिसाइलों के निर्माण में सीईएल जैसे संस्थानों की तकनीकी सहायता महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की ये मिसाइलें अब पाकिस्तान में 'टेस्टेडज्और पूरी दुनिया में 'ट्रस्टेडज्हैं।

## मानसरोवर भवन, उत्तराखंड व पूर्वांचल भवन का उपयोग शुरू करें नागरिकः योगी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गाजियाबाद को विकास, सुव्यवस्था और आत्मविश्वास का नया प्रतीक बताते हुए कहा कि वह गाजियाबाद, जिसे कभी अपराध और गैंगवार की फिल्मों से पहचाना जाता था, अब देश की सबसे स्वच्छ और स्मार्ट सिटी के रूप में अपनी एक नई पहचान गढ़ रहा है। सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) के स्वर्ण जयंती समारोह और ग्रीनफील्ड डेटा सेंटर के शिलान्यास अवसर पर गाजियाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री ने न केवल नगर के तकनीकी, अवसंरचनात्मक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में योजनाओं को गति दी, बल्कि पत्रकारों से खुलकर संवाद करते हुए गाजियाबाद को ग्रेटर गाजियाबाद के रूप में पुनर्परिभाषित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस गाजियाबाद को एक दशक पहले तक लोग ट्रैफिक, बदहाल कानून-व्यवस्था और माफियाओं की छाया से जोड़ते थे, वह आज 12-लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, मेट्रो और हवाई सुविधा से युक्त स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर वाला शहर बन चुका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में यूपी के पिछले आठ वर्षों के ट्रांसफॉर्मेशन को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया की 50 सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में प्रदेश से पहला नाम गाजियाबाद का आना इस बदलाव का प्रमाण है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे को शुभकामनाएं दीं और यात्रा किट सौंपा। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार यात्रियों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी और यात्रा की सुविधा के लिए बनाए गए मानसरोवर भवन का लाभ श्रद्धालुओं को मिल रहा है। उन्होंने गाजियाबाद के उत्तराखंड भवन और पूर्वांचल भवन का भी अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया।

## शुभांशु ने अंतरिक्ष से भेजा भारत के नाम पहला संदेश

# बोले- तिरंगा लेकर आया हूं, अगले 14 दिन होंगे रोमांचक

**नई दिल्ली।**

भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया है। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री गुरुवार को जब आइएसएस पर पहुंचे, तो वहां पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने गले लगकर और हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पर औपचारिक स्वागत समारोह में शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मैं 634वां अंतरिक्ष यात्री हूं। यहां आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आपके प्यार और आशीर्वाद से मैं अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया हूं। यहां खड़ा होना आसान लगता है। लेकिन, मेरा सिर थोड़ा भारी है।



## पहाड़ों पर मानसून की बारिश ढा रही कहर



**नई दिल्ली।**


पहाड़ी इलाकों में मानसून की बारिश कहर बनकर बरस रही है। जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश तक तबाही नजर आ रही है। कहीं भूस्खलन से पहाड़ियां दरक रही हैं तो कहीं बाढ़ की स्थित जानलेवा बनती जा रही है। नदी-नाले भी उफान पर हैं। उत्तराखंड में चार धाम, आदि कैलास व पूर्णागिरी धाम की यात्रा पिछले कुछ दिनों से नियमित अंतराल पर बाधित हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार शाम से दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को आसमान में आंशिक बादल छाए रहने की उम्मीद है। शाम-रात के समय गरज, बिजली के साथ हल्की से बहुत हल्की बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

**दिल्ली में आज झमाझम बरसेंगे बादल**

## ब्रह्मोस से भी घातक के-6 हाइपरसोनिक मिसाइल बना रहा भारत

**नई दिल्ली।**

हिंद महासागर में भारत की ताकत और बढ़ने वाली है। के-6 हाइपरसोनिक मिसाइल को हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की एडवांस्ड नेवल सिस्टम्स लैबोरेटरी में विकसित किया जा रहा है। यह मिसाइल ब्रह्मोस से भी घातक होगी। इसे विशेष रूप से उन्नत एस-5 श्रेणी की परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों के लिए डिजाइन किया गया है। अरिहंत से बड़ी परमाणु ऊर्जा चालित एस-5 पनडुब्बी 12 मीटर लंबी, दो मीटर चौड़ी होगी और दो से तीन टन तक वारहेड ले जाने में सक्षम होगी। रिपोर्ट के अनुसार इस मिसाइल का परीक्षण जल्द होने की उम्मीद है। सबमरीन लांच्ड बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) के-6 को पनडुब्बियों से लांच किया जा सकेगा। के-6 मिसाइल विकसित होने के बाद भारत की उन देशों की सूची में शामिल हो जाएगा जिनके पास हाइपरसोनिक मिसाइल है। मिसाइल पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जा सकती है जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान का आर्थिक केंद्र कराची इस मिसाइल का रणनीतिक लक्ष्य हो सकता है। के-6 मिसाइल की मारक क्षमता 8,000 किलोमीटर होगी। भारत ने पहले के-3 (1,000 से 2,000 किलोमीटर की रेंज), के-4 (3,500 किलोमीटर की रेंज) और के-5 (5,000 से 6,000 किलोमीटर की रेंज) एसएलबीएम का परीक्षण किया है। के-4 और के-5 को पहले ही नौसेना में शामिल किया जा चुका है।



## संपादक की कलम से

# अंतरिक्ष में भारत का लाल

अंतरिक्ष में छलांग लगा कर एक और इतिहास रचा गया है। भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय हैं, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक पहुंचे हैं। अलबत्ता तत्कालीन विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं, जो अंतरिक्ष में मानव जीवन की संभावनाओं को टटोलने की एक अद्भुत और दुर्लभ यात्रा पर हैं। करीब 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा पाया है। भारत माता के ऐसे लाल को बधाई और ढेरों शुभकामनाएं। शुभांशु भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन हैं और लड़ाकू विमान उड़ा चुके हैं। उन्हें 2000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। अंतरिक्ष मिशन में भी वह पायलट की भूमिका में हैं। आसमान में विचरण करना उनका पेशा है, लेकिन इस बार उन्होंने आईएसएस में 14 दिन बिताने का बीड़ा उठाया है। यह प्रथम अवसर है, जब भारत सरकार की कैबिनेट ने प्रस्ताव पारित कर, तालियां बजा कर, शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा का स्वागत किया है, शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें 140 करोड़ (असल आबादी 146 करोड़ से अधिक) भारतीयों की उम्मीद करार दिया है। जब राकेश शर्मा अप्रैल, 1984 में अंतरिक्ष में गए थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनसे पूछा था–ऊपर से भारत कैसा दिखता है? राकेश का जवाब था–सारे जहां से अच्छा। इस बार शुभांशु ने भारतीयों के नाम पहला ऑडियो संदेश भेजा–क्या अद्भुत सफर है! हम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। मेरे कंधे पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। यह भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन की शुरूआत है। आप सभी इस सफर का हिस्सा बनें। आपका सीना भी गर्व से चौड़ा होना चाहिए।जय हिन्द, जय भारत। बेशक यह अभियान आईएसएस तक जाने की यात्रा भर नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन का पूर्वाभ्यास है। भारत का गगनयान 2027 में अंतरिक्ष में जाना प्रस्तावित है। भारत 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना पर कार्यरत है। 2040 तक चंद्रमा पर इनसान भेजने का लक्ष्य है। मानव अंतरिक्ष मिशन में शुभांशु की इस यात्रा का अनुभव महत्वपूर्ण रहेगा। चूंकि 2030 तक आईएसएस सेवानिवृत्त होना लगभग तय है, लिहाजा निजी कंपनियां अपने अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने में जुटी हैं। जिस एक्सिओम–4 के तहत शुभांशु का चार सदस्यीय मिशन भेजा गया है, वह भी निजी कंपनी का प्रयास है। हालांकि इसरो, नासा आदि ने मिलकर मिशन को आकार दिया है। शुभांशु ने रूस में, इसरो और नासा के अंतरिक्ष केंद्रों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उसका 2019 में गगनयान के लिए भी चयन हो चुका है। बहरहाल मिशन में शुभांशु भारतीय हैं, शेष तीन अंतरिक्ष यात्री अमरीका, पोलैंड और हंगरी के निवासी हैं। अमरीका की पैगी व्हिटसन अंतरिक्ष में 665 दिन गुजार चुकी हैं, लिहाजा उन्हें मिशन कमांडर बनाया गया है। यह मिशन आईएसएस में कुल 60 वैज्ञानिक प्रयोग करेगा। उनमें से 7 प्रयोग भारत के लिए किए जाएंगे। उन प्रयोगों में प्रमुख हैं–मांसपेशियों की हानि का अध्ययन, मूंग और मेथी जैसे भारतीय सुपर फूड को माइक्रोग्रैविटी में उगाने का प्रयोग, माइक्रोएल्गी (सूक्ष्म शैवाल) की तीन प्रजातियों की वृद्धि, चपाचय और आनुवंशिक गतिविधियों का अध्ययन, अंतरिक्ष में सूक्ष्मजीवी के व्यवहार और वृद्धि का अध्ययन, अंतरिक्ष में कम्प्यूटर स्क्रीन के उपयोग के शारीरिक और संज्ञानात्मक प्रभावों का अध्ययन और मानव कोशिकाओं की उम्र बढे की प्रक्रिया का अध्ययन। अंतरिक्ष यात्रा के मानव शरीर पर कई असर पड़ते हैं, क्योंकि वहां ग्रैविटी नहीं है।



ललित शर्मा
संपादक

# बिहार में जीत के लिए कांग्रेस फिर से काठ की हांडी के भरोसे

राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। कांग्रेस नेता ने यह कहा कि महाराष्ट्र की तरह की मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो। लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव और कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हारने से भी कांग्रेस ने कोई सबक नहीं सीखा है। देश में भ्रष्टाचार और विकास के मुद्दे उठाने के बजाए पुराने गढ़े मुर्दे उखाड़ कर अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करने की नाकाम कोशिशों में जुटी हुई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी को देश के मतदाताओं की नब्ज पकड़ में नहीं आई है। इतने चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस को यह समझ नहीं आया है कि आखिर देश के मतदाता चाहते क्या हैं। मतदाताओं की जरूरतों को समझने के बजाए कांग्रेस सत्ता प्राप्ति के लिए काठ की हांडी को बार-बार चढ़ाने के प्रयास में मात खा रही है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों से यही लगता है कि कांग्रेस के पास मुद्दों की या समझ की कमी हो गई है। कांग्रेस महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फजीर्वाड़े का आरोप लगा रही है। आश्चर्य यह है कि यही कांग्रेस जब कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में चुनाव जीती तब निर्वाचन प्रक्रिया पर ऐसे आरोप नहीं लगाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर फिर एक बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने 5 स्टेप में महाराष्ट्र चुनाव में फिक्सिंग की बात कही है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए उनके सभी दावों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने एक अग्रेजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए भाजपा पर आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनावों में मैच फिक्सिंग की गई और अब कुछ ऐसा ही बिहार में दोहराया जाएगा। राहुल गांधी ने अपने इस लेख को सोशल मीडिया पर शेयर किया। राहुल गांधी ने लिखा



कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। कांग्रेस नेता ने यह कहा कि महाराष्ट्र की तरह की मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो। राहुल गांधी के इस आरोप पर भाजपा के साथ-साथ जदयू, हम सहित अन्य दलों ने भी कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रतिक्रिया दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट करार दिये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव में हार से दुखी और हताश है और इसलिए विचित्र साजिशें रचने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी को यह नहीं पता कि चुनावी प्रक्रिया कैसे काम करती है। उन्हें बहुत अच्छे से पता है। लेकिन उनका मकसद स्पष्टता नहीं, बल्कि अराजकता फैलाना है। जेडीयू नेता के सी त्यागी ने कहा कि चुनाव आयोग का जितना दुरुपयोग कांग्रेस ने अपने जमाने में किया है उतना किसी ने नहीं किया। मुख्य चुनाव आयुक्त एम एस गिल को सांसद बनाया और मंत्री बनाया। कांग्रेस पार्टी की जो नीतियां रही हैं पिछड़ों और वंचितों को लेकर उसके चलते उनके वोटो पर पहले ही चोरी नहीं बल्कि डाका पड़ चुका है। त्यागी ने कहा कि बिहार चुनाव से पहले ही राहुल गांधी हार मान चुके हैं। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में राहुल गांधी के दावों को निराधार बताया। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर लंबा जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं। 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने यह भी लिखा कि किसी के द्वारा प्रसारित कोई भी गलत सूचना चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी तथा चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोड? वाला होता है, जो इस बड़ी कवायद के लिए अथक परिश्रम करते हैं। आयोग ने कहा कि महाराष्ट्र की मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अनादर है। चुनाव आयोग ने यह भी लिखा कि महाराष्ट्र में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक क?ीब 6.41 करोड़ मतदाताओं ने वोट दिया। अर्थात हर घंटे औसतन 58 लाख वोट पड़े। इस लिहाज से आखिरी दो घंटों में 116 लाख वोट पड़ सकते थे। जबकि आखिरी दो घंटों में केवल 65 लाख वोट पड़े जो औसत से काफी कम था। आयोग ने तब कहा था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, 2024 से पहले कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक दल की ओर से कोई शिकायत नहीं थी। गौरतलब है कि इससे पहले कांग्रेस ईवीएम मशीनों से वोटिंग के बजाए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर चुकी है। कांग्रेस का आरोप था कि ईवीएम मशीनों में हेराफेरी की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2024 में कई याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इन याचिकाओं में चुनाव के दौरान सभी ईवीएम के जरिए डाले गए वोटों का मिलान वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल स्लिप से करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाओं को खारिज करते हुए सीजेआई खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने बैलेट पेपर सिस्टम पर वापस लौटने की याचिकाकताओं की मांग को कमजोर, प्रतिगामी और अनुचित बताया था। बेंच ने फैसला सुनाया था कि ईवीएम सरल, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं। चुनाव हो जाने के करीब एक साल बाद महाराष्ट्र में चुनावी धांधलियों का आरोप लगाने पर यही माना जाएगा कि कांग्रेस गफलत में हैं। यदि चुनावों में गड़बड़ी की शिकायतें हैं भी तो इन्हें अदालतों में चुनौती दी जा सकती है। कांग्रेस को शायद अंदाजा है कि अदालतों में उसके लगाए आरोप टिक नहीं पाएंगे। सवाल यह भी है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बेईमानी का मुद्दा उठाने वाली कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल में जीतने के बाद चुप क्यों रही। कांग्रेस ने इन तीनों राज्यों में फिर से मतदान कराने या चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप क्यों नहीं लगाया। कांग्रेस मौजूद ज्चलंत मुद्दों पर शायद भाजपा का सामना नहीं कर सके, यही वजह है कि ऐसे पुराने घिसे-पिटे मुद्दे उठा कर बिहार चुनाव जीतने की कवायद में जुटी हुई है।

मदन वर्मा माणिक

## मेरा घर तेरा घर मतकर !

कविता



मेरा घर तेरा घर मतकर,
जगह रख सब के लिये,
किसी को दरबदर मतकर,
आएंगे खयाल बहुतेरे,
सिर्फ अपनी फिकर मतकर,
बेजानों से डर मत,
इंसानों से गदर मतकर,
रोशनी तेरे भी बरसेगी,
खुशियों का सैलाब लाएंगी,
जिन्दगी सही मायने में,
तब ही जी, ये मानी जाएंगी !
बरसेंगे ठहरे हुए बादल,
सावन की झड़ी भी लगेगी,
उठ ताजगी के साथ,
मत रहना तू उदास !
बस, मेरा घर तेरा घर मतकर,
जगह रख सब के लिये,
और थोड़ी सबर रख !

# गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के साथ महाराष्ट्र की इन जगहों पर जाने से बचें, दुर्घटना का रहता है खतरा

बारिश में भीगने से बच्चे बीमार हो जाते हैं। वहीं इस मौसम के कारण कोई भी दुर्घटना भी हो सकती है। ऐसे में आज हम आपको महाराष्ट्र की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर बारिश में बच्चों के साथ घूमने जाने से बचना चाहिए। बारिश से महाराष्ट्र इस समय हाल-बेहाल है। लेकिन फिर भी पर्यटकों का महाराष्ट्र आना कम नहीं हुआ है। बारिश के मौसम में लोग यहां ज्यादा से ज्यादा घूमने के लिए आते हैं। तो कई लोग यहां पर घूमने आने के लिए बारिश के मौसम का इंतजार करते हैं। बारिश में यहां का मौसम में खूबसूरत और ठंडा हो जाता है। क्योंकि माना जाता है कि बारिश में मुंबई ज्यादा खूबसूरत हो जाती है। लेकिन महाराष्ट्र में कुछ जगहें ऐसी जगहें हैं, जहां पर बच्चों के साथ जाना सेफ नहीं होगा। क्योंकि बारिश में भीगने से बच्चे बीमार हो जाते हैं। वहीं इस मौसम के कारण कोई भी दुर्घटना भी हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महाराष्ट्र की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर बारिश में बच्चों के साथ घूमने जाने से बचना चाहिए।

**लोनावला:** बारिश के मौसम में लोनावना में झरने के पानी का बहाव तेज होता है। जिससे खतरा अधिक होता है। लोग यहां पर झरने के पानी में नहाने जाते हैं और पैर फिसलने या फिर तेज पानी के बहाव के कारण हादसा हो जाता है। इसलिए अगर आप लोनावला घूमने जा रही हैं, तो पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। हालांकि लोनावला महाराष्ट्र की फेमस जगहों में से एक है। लेकिन अधिक बारिश में ऐसी जगहों पर जाने से बचना चाहिए।

**हरिश्चंद्रगढ़ किला:** हरिश्चंद्रगढ़ किला महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित है। यह पहाड़ी किला है, जहां तक पहुंचने के लिए लोग ट्रैकिंग करते हैं। लेकिन मानसून में इस पहाड़ी पर ट्रैकिंग करना खतरनाक साबित हो सकता है। वहीं अगर आप बच्चों के साथ महाराष्ट्र घूमने का प्लान बना रही हैं, तो बारिश के दौरान यहां पर न जाएं। क्योंकि ऊंचाई वाली जगहों पर दुर्घटना होने पर जल्दी मदद मिलना भी मुश्किल होता है।

**महाबलेश्वर:** अगर आप भी महाबलेश्वर जाने का प्लान कर रही हैं, तो पहले यहां के मौसम के बारे में जानकारी ले लें। क्योंकि बच्चों के साथ यहां जाना खतरनाक साबित हो सकता है। बारिश के मौसम में यहां की सड़कों पर काफी फिसलन होली है।

वहीं महाबलेश्वर मंदिर काफी ऊंचाई पर स्थित है और मानसून में यहां का नजारा काफी अच्छा होता है। लेकिन छोटे बच्चो के लिहाज से सेफ्टी के मामले में यह जगह सही नहीं हो सकती है। अगर आप घूमने जाने के लिए सेफ जगह की तलाश कर रही हैं, तो प्रयास करें कि पहाड़ी जगहों पर जाने से बचना चाहिए।



# ग्लूटेन इंटॉलरेंस होने पर रोटी खाने से भी करना पड़ता है परहेज

भारतीय भोजन साबुत अनाज और चावल-रोटी आम अनाज है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ लोगों को इस तरह के आम दैनिक चीजों के सेवन से भी समस्या हो सकती हैं। विशेषतौर पर जिन खाद्य पदार्थों में ग्लूटेन की मात्रा पाई जाती है, वहीं इसका सेवन करने से शरीर के लिए समस्या बढ़ाने वाली हो सकती है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान में सुधार करना बेहद जरूरी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक सभी लोगों को आहार में पौष्टिक चीजें, नट्स-सीड्स और साबुत अनाज को भरपूर मात्रा में शामिल करना चाहिए। भारतीय भोजन साबुत अनाज और चावल-रोटी आम अनाज है।



**ग्लूटेन इंटॉलरेंस और इसके मामले:** आंकड़ों पर नजर डालें, तो पता चलता है कि भारत में करीब अनुमानतः 6 से 8 मिलियन लोग सीलिएक डिजीज से पीड़ित है, जोकि ग्लूटेन इंटॉलरेंस का एक रूप है। ऐसे में अगर आप ग्लूटेन वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो आपको बार-बार पेट में सूजन, गैस बनना, डायरिया, कब्ज, पेट में दर्द, थकावट, कमजोरी और स्किन पर चकत्ते जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं कुछ लोगों को बिना सीलिएक डिजीज के बिना भी ग्लूटेन वाली चीजों से एलर्जी हो सकती है।

**क्यों होता है ग्लूटेन इंटॉलरेंस:** विशेष रूप से ग्लूटेन इंटॉलरेंस, नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी एक ऐसी स्थिति है। जिसमें शरीर ग्लूटेन के प्रति असामान्य प्रतिक्रिया करता है। हालांकि यह क्यों होता है, इसके सटीक वजहों को पूरी तरह से नहीं समझा जा सका है। लेकिन एक्सपर्ट की मानें तो पर्यावरणीय कारक, गट माइक्रोबायोम और आनुवंशिकता सहित कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं। कुछ शोध बताते हैं कि ग्लूटेन इंटॉलरेंस गेहूं और अन्य ग्लूटेन युक्त अनाज में कुछ कार्बोहाइड्रेट को पचाने में समस्या के कारण भी हो सकती है। यह कार्बोहाइड्रेट आंत में किण्वित होने लगती हैं, जिसके कारण गैस, सूजन और पेट दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं।

**आप तो नहीं हैं इसका शिकार:** कहीं आप भी ग्लूटेन इंटॉलरेंस नहीं हैं, इसका पता लगाने के लिए कुछ खास लक्षणों पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

अगर आपको सामान्य खाना जैसे गेंहू या जौं से बनी चीजें खाने के बाद पेट में दर्द, दस्त या कब्ज, गैस और सिरदर्द की समस्या हो जाती है, तो सावधान हो जाना चाहिए। वहीं कुछ लोगों को इन चीजों को खाने से स्किन पर लाल चकत्ते हो सकते हैं। अगर अक्सर खाना खाने के बाद आपको यह समस्या हो रही हैं, तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**ग्लूटेन इंटॉलरेंस के उपाय:** बता दें कि सीलिएक डिजीज का पता लगाने के लिए सीरोलॉजिकल टेस्ट या फिर आंतों की स्थिति का पता लगाने के लिए कुछ टेस्ट किए जाते हैं। जिससे पता चलता है कि आपको यह समस्या क्यों हो रही है। ऐसे में अगर आपको ग्लूटेन इंटॉलरेंस की समस्या होती है तो आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। हालांकि इस समस्या के लिए कोई दवा नहीं है, सिर्फ ग्लूटेन फ्री डाइट से दूरी बनाना ही बचाव का उपाय है। इस समस्या वाले लोगों को गेहूं, जौ, राई और इनसे बने उत्पादों से परहेज करने की सलाह दी जाती है।

ग्लूटेन इंटॉलरेंस वाले लोगों के लिए चावल, मक्का, बाजरा, ज्वार और कुट्टू जैसे विकल्प अच्छे हो सकते हैं। लेकिन इसके बारे में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# थाना गागलहेड़ी प्रांगण में अगामी त्योहार काँवड़ मेला व मोहर्रम को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया है

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर/गागलहेडी।** सहारनपुर एएसपी मनोज कुमार यादव व एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने थाना गागलहेड़ी प्रांगण में मीटिंग कर जनता से सहयोग करने की अपील की

कावड़ मेले में लगने वाले शिविर संचालको को शिविर में साफ सफाई और निगरानी के लिए कैमरे की व्यवस्था के लिए किया निर्देशित थाना गागलहेड़ी प्रांगण में अगामी त्योहार काँवड़ मेला व मोहर्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया है जिसमे एएसपी मनोज कुमार यादव और एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने काँवड़ मेले में लगने वाले शिविर संचालको को निर्देशित किया और ताजियादारों को शांति से त्यौहार मनाने की अपील की है- एएसपी मनोज कुमार यादव और एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने थाना क्षेत्र में लगने वाले सभी शिविर संचालको को निर्देशित करते हुए कहाँ कि सभी अपने शिविर में खान पान की गुणवत्ता पर ध्यान दे व शिविर में निगरानी के लिए सीसीटीवी केमरे लगाए और साफ सफाई का विशेष धयान रखे - शिविर में सड़क पर कोई ना सोये और डीजे कम आवाज में बजे और डीजे पर कोई भी अश्लील गाना ना बजाया जाए वही मोहर्रम को लेकर भी ताजियादारों से अपील करते हुए कहाँ कि सभी लोग त्यौहार को शांति पूर्वक मनाये और पूर्व की घटनाओ को देखते हुए ताजिये की ऊचाई पर विशेष ध्यान दे और ताजिये का जुलुस निराधारित रास्ते से ही निकाले इस दौरान गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार, उपनिरीक्षके प्रवेश शर्मा, गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी लोकेश सिंह राणा उपनिरीक्षक रविकांत, उपनिरीक्षक शिवकुमार, राजेश जोहरी, नवनीत शर्मा, विपिन कुमार, संजय कुमार जाकिर खान, डाक्टर कासिम, सुलेमान प्रधान, शहजाद प्रधान, इंतजार, राजकुमार, योगेश, राजिक प्रधान मौजूद रहे।





# सिर्फ 21 जून नहीं बल्कि प्रत्येक दिन योग दिवस के रूप में मनाएं, लोगों वंदना रानी



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** योग प्रशिक्षकों की पहली बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी वंदना रानी ने कहा सिर्फ 21 जून नहीं बल्कि प्रत्येक दिन योग दिवस के रूप में मनाएं, लोगों को योग के प्रति जागरूक करें, उनकी बीमारी को ध्यान में रखते हुए योग के माध्यम से लाभ पहुंचाए। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर वंदना रानी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनपद के योग प्रशिक्षकों की पहली मीटिंग ली। योग प्रशिक्षकों ने बुके देकर व महिला योग प्रशिक्षकों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर वंदना रानी ने कहा मेहनत व ईमानदारी से कार्य करें, लोगों को योग व आयुर्वेद से होने वाले लाभ की जानकारी दें। सरकार की योजनाओं का जन जन तक लाभ पहुंचाए। अपने क्षेत्र में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। बैठक में योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, प्रतिक्षा सक्सेना, राजीव कुमार, उमेश कुमार, सोनू चौहान, उमा शंकर, ज्योति पांडे, आरती, निशा गंगवार, सृष्टि पांडे, अंशू सक्सेना, भूपराम, गिरीश उपस्थित रहे।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नगीना।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में उसका चालान कर दिया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा 21 जून को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि थाना क्षेत्र के गांव हकीकतपुर गंगवाली निवासी देव नामक युवक उसकी नाबालिग पुत्री से आये दिन छेड़छाड़ करता है तहरीर में आरोप लगाया गया था कि 20 जून को देव गलत इरादे से उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था तथा किसी को बताने पर उसके परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी, पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी देव सहित 3 अन्य के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करते हुये नाबालिग को बरामद कर मामले के नामजद आरोपी देव पुत्र संजय निवासी हकीकतपुर गंगवाली को गिरफ्तार कर बीएन एस की धारा 7/8 सहित पोक्सो एक्ट में उसका चालान कर दिया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुक्रमपाल सहित आरक्षी आरिफ आदि शामिल रहे।

# डीएम व एसपी की उपस्थिति में जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में मै. शशिकांत मेटल कारट प्रा. लि., मै. मेंथा एंड एलाइड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. की विद्युत ट्रिपिंग संबंधी समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों को संचालित करने में उद्योग बंधुओं को हो रही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को यथासंभव निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में पतंग बाजी से जनपद में हो रही विद्युत ट्रिपिंग एवं अन्य अप्रिय दुर्घटनाओं के दृष्टिगत पतंगबाजी को बैन किये जाने का अनुरोध सभी उद्योग बंधुओं ने जिलाधिकारी से किया। इस दौरान उपायुक्त उद्योग मनीष कुमार पाठक, सहायक आयुक्त उद्योग बलराज वीर सिंह, सहायक प्रबन्धक पुष्प राज सिंह, औद्योगिक पर्यवेक्षक एम०पी० सिंह, अध्यक्ष आई०आई०ए०श्रीष गुप्ता, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती दीपक गोयल, चौम्बर ऑफ कामर्स देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जैन मंदिर परिसर में जैन समाज की आम सभा का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जैन मंदिर परिसर में जैन समाज की आम सभा का आयोजन किया गया। सभा में समाज की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। चुनाव अधिकारी पंकज जैन एड द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र जैन सेठी, महामंत्री कस्तूर चंद जैन, कोषाध्यक्ष अविरल जैन, मंत्री मनोज कुमार जैन, शिक्षा मंत्री दिनेश जैन सेठी, बाग मंत्री समर्पण जैन, स्वास्थ मंत्री डा. सिद्धांत जैन, धर्मशाला एवं भंडार मंत्री अंकुर जैन निर्विरोध चुने गए। सभा में यह भी बताया गया कि 19 जून को हुई बैठक के निर्णय के अनुसार समाज के जीवन्त सदस्य ही चुनाव में भाग ले सकते थे। अब नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 29 जून को जैन मंदिर फूटा महल में आयोजित किया जाएगा। जैन समाज के चुनाव अधिकारी ने पंकज जैन ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया हैं कि वह समय पर पहुंचकर इस शुभ अवसर की गरिमा को बढ़ाएं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि मैं जैन समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे इस पद के लिए चुना। मैं समाज की सेवा और विकास के लिए काम करने का वादा करता हूँ। मैं सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम करूंगा। निष्पक्षता एवं पारदर्शिता इस समिति का उद्देश्य रहेगा।

# जिला कृषि अधिकारी ने 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 5 नमूने भरे

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**बिजनौर।** जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया के द्वारा तहसील सदर के हल्दौर क्षेत्र में संचालित कीटनाशक, उर्वरको, बीज के कुल 10 प्रतिष्ठानो में ओम ट्रेडिंग कम्पनी, नूरपुर रोड, बिजनौर, मै0 किसान सेवा केन्द्र, गंज तिराहा नूरपुर रोड, बिजनौर, मै0 ओम शिव ट्रैडिग कम्पनी, विदुर कुटी रोड, बिजनौर, मै0 शिव बीज भण्डार, नूरपुर रोड बिजनौर, मै0 सहाकारी गन्ना विकास समिति लि0, हल्दौर, मै0 न्यू भारत बीज भण्डार, हल्दौर, मै0 औद्यानिक उत्पादक एंव विपणन सहाकारी समिति लि0, शफीपुर नंगली, केन्द्र, हल्दौर, मै0 सहकारी समिति लि0, हल्दौर, मै0 न्यू सैनी बीज भण्डार, हल्दौर, मै0 सिद्वी विनायक टैडर्स, बल्दिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रतिष्ठान/ गोदाम में उपलब्ध यूरिया, डी0ए0पी0, एन0पी0के0, एस0एस0पी0 एवं अन्य उर्वरको एंव उपलब्ध कीटनाशक/ बीजो के स्टाक का मिलान पी0ओ0एस0 एवं अभिलेखो के अनुसार किया गया एवं निरीक्षण के समय प्रतिष्ठानो पर उपलब्ध कीटनाशक/ उर्वरको मे से कुल 05 नमूने लिए गये। निरीक्षण के दौरान समस्त थोक/फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि कृषको को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक/ बीजो एंव तत्कालीन आवश्यकता के अनुसार ही फास्फेटिक उर्वरकों, विशेषकर यूरिया, डीएपी, एनपीके उर्वरक आदि का वितरण निर्धारित दर पर किया जाए। यदि कोई भी विक्रेता निर्धारित दर से अधिक दर पर बिक्री करता हुआ एवं प्रचलित उर्वरकों के साथ-साथ अन्य उर्वरको की टैगिंग करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित कीटनाशक/उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 एंव कीटनाशीअधिनियम-1968 एवं कीटनाशन नियम-1971 के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी साथ ही विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिये गये कि कृषको को वितरित कीटनाशक, उर्वरको, बीजो की रसीद अवश्य उपलब्ध करायी जाय।

# 39वीं सब जूनियर ऑफिशल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




बिजनौर ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से हरिद्वार के श्री प्रेम नगर आश्रम में 42 वे ऑफिशल राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता एवं 39वीं सब जूनियर ऑफिशल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 23 जून से 25 जून तक कराया गया जिस्म की उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल होकर जिला बिजनौर नजीबाबाद के आदर्श नगर ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिस्म की सब जूनियर वर्क में 24 किलोग्राम मे सारा ने जीता सिल्वर मेडल 26 किलोग्राम वर्ग में दिव्यांशी पाल ने जीता ब्रॉन्ज मेडल और वही अच्छा प्रदर्शन करते हुए अवंतिका ने 29 किलोग्राम वर्ग में जीत ब्रांच मेडल 35 किलोग्राम वर्ग में खुशी रानी ने ब्रोंज मेडल अपने नाम किया और नजीबाबाद ताइक्वांडो अकैडमी आदर्श नगर का नाम रोशन किया अकादमी पहुंचने पर अकादमी के पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को मेडल पहन कर सम्मानित किया और उनके ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा को बधाई दे टीम मैनेजर वीरेंद्र सिंह रहे इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष मोहम्मद अरशद अनमोल हिमांशु भारती बिजेंदर चौहान विक्रम सिंह बृजेश कुमार नितिन वर्मा अमन कुमार उपस्थित रहे।

# त्योहार को सादगी के साथ मनाएं, पर्व भाईचारे का संदेश देते हैं, सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**अफजलगढ़।** एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर आगामी त्यौहार कावड़ यात्रा, मोहर्रम को लेकर एक शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने ग्राम प्रधानों सहित संभ्रांत लोगों के साथ बातचीत कर सभी को आपसी भाईचारा, सौहार्द व शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाने की अपील की। गुरूवार को थाना प्रांगण में शांति समिति बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी ने कहा कि शांति को बनाए रखने में ग्राम प्रधानों सहित दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं पुलिस का सहयोग करे। सभी त्योहार को सादगी के साथ मनाएं। पर्व भाईचारे का संदेश देते हैं। शांति समिति की बैठक में उठाये गये बिन्दुओं से हमें आगामी त्यौहारों मोहर्रम व कावड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कार्ययोजना बनाने एवं उनके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा किसी भी आने वाली समस्या का समाधान हम पहले से ही करने में सफल हो सकेगे। इसके अलावा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से ताजिये की ऊंचाई अधिक न रखें ताकि त्यौहार में कोई खलल न उत्पन्न हो। कोई भी नई परंपरा नहीं शुरू होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई होगी। यह आपका ही नहीं बल्कि हम सबका त्यौहार है। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान हाइवे पर बिल्कुल भी आवारा गोवंश दिखाई नही दे। हाइवे से लगी ग्राम पंचायत के सभी प्रधान आवारा गोवंश को पकड़वाकर गोशाला में भिजवाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# कर्ज से परेशान परिवार के चार सदस्यों ने खाया जहर, मां और दो बेटियों की मौत

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** थाना नूरपुर क्षेत्र के ग्राम टंडेरा में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। करीब छह लाख रुपये के कर्ज से परेशान एक ही परिवार के चार सदस्यों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। मां और दो बेटियो की मौत हो गई, जबकि पुखराज की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की सुबह ग्राम टंडेरा मे उस समय की चीख पुकार मच गई जब ग्रामीणों को पता चला कि पुखराज उसकी पत्नी रामेशिया, बेटी शीतू व अनीता ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर नूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चारों को अचेत अवस्था में सीएचसी नूरपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए चारों को जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला रमेशिया और बेटी अनीता, बेटी शीतू की मौत हो गई। जबकि पुखराज की हालत गंभीर है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अभिषेक झा ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और जो भी इस स्थिति के लिए ज़िम्मेदार पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।





जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा थाना नूरपुर क्षेत्र के ग्राम टण्डेरा में एक ही परिवार के 4 व्यक्तियों द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने के पश्चात जिला अस्पताल में पत्नी और एक बच्ची की मौत तथा पति व एक बच्ची की स्थिति को गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज मेरठ के लिए किया गया रैफर तथा प्रकरण की जांच के लिए उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा मेडिकल अफसर पर आधारित तीन सदस्य टीम गठित के आदेश दिए

# स्याना में ईरानी गैंग के 3 सदस्य पकड़े गए

**स्याना /बुलंदशहर/** स्याना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए ईरानी गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। थाना स्याना पुलिस और स्वाट टीम ने 26 जून 2025 को पुलिस चौकी सराय नहर पटरी के पास से यह कार्रवाई की।

गिरफ्तार आरोपियों में अख्तर सैयद, फिरोज हुज्जत अली जाफरी और निसार बुन्दु शाह शामिल हैं। इनके पास से चोरी के आभूषण, 6,831 रुपये नकद, तीन तमंचे 315 बोर के साथ छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और भूटानी मुद्रा के चार नोट भी मिले। पुलिस जांच में पता चला कि ये आरोपी महाराष्ट्र से ट्रेन द्वारा आते हैं।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया आपातकाल दिवस, लोकतंत्र सेनानियों का किया गया स्वागत एवं सम्मान

**वेलकम इंडिया**



**आगरा:-** शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में मा0 विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आपातकाल 1975 की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपातकाल दिवस मनाया गया, जिसमें लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आपातकाल पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, इसके अलावा सामूहिक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें लोकतंत्र की रक्षा और संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों ने 25 जून 1975 में लागू हुए आपातकाल के बाद की गिरफ्तारियां एवं उनके द्वारा किए गए संघर्ष पर विस्तृत रूप में प्रकाश डाला गया। माननीय विधायक पुरूषोत्तम खण्डेलवाल द्वारा लोकतंत्र सेनानियों की समस्याओं एवं उनके गोल्डन कार्ड तथा ऐसे लोकतंत्र सेनानी, जिन्हें सम्मान राशि नहीं मिलती थी तथा जिनकी मृत्यु हो गई, उनके आश्रितों को सम्मान राशि दिए जाने के संबंध में शासनादेश में संशोधन की बात की गई, मा0 विधायक श्री पुरूषोत्तम खण्डेलवाल जी ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक ऐसा अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता, उस दौर में जिन लोगों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा किए, वे वास्तव में हमारे समाज के प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें इस बात का संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे। लोकतंत्र सेनानी नरेन्द्र सिंह जग्गा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपातकाल के दौरान जिन लोगों ने अपनी आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की कीमत पर देश को लोकतांत्रिक रास्ते पर बनाए रखा, उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, आपातकाल के दौरान झेली गई यातनाओं की जानकारी नई पीढ़ी तक पहुँचनी चाहिए, तभी देश में सशक्त लोकतंत्र की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि आज के नौजवानों को लोकतांत्रिक मूल्यों और मौलिक अधिकारों के प्रति सजग रहना होगा। लोकतंत्र सेनानियों को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए संघर्षों की दास्तान भी वर्तमान पीढ़ी को याद रखना चाहिए। लोकतंत्र सेनानियों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। आश्रितों को पारिवारिक पेंशन और गोल्डन कार्ड जैसी सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोकतंत्र सैनानियों ने भी अपने-अपने विचार रखे तथा आपातकाल पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कार्यक्रम में जनपद के सम्मानित लोकतंत्र सेनानी सर्व श्री नरेंद्र सिंह जग्गा, पुरुषोत्तम सिंह, महाजन, श्रीमती रेखा सहित लोकतंत्र सेनानी व उनके आश्रित तथा अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकाल) प्रशान्त तिवारी एवं कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार भारद्वाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुलीचंद शर्मा, तुषार सक्सेना जिला मंत्री, विवेक सक्सेना, रामनरेश शिव कुमार कर्दम भूपेंद्र सिंह सहित कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ सहायक आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर व्यापार मंडल द्वारा मास्टरशेफ कार्यक्रम प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा आज झांसी में यात्रिक होटल में महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में सदस्याओं के लिए मास्टरशेफ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सभी को बगैर गैस या किसी भी इलेक्ट्रिक उपकरण का उपयोग किए बगैर हेल्दी और टेस्टी सैंडविच बनाने थे। कार्यक्रम संयोजिका मधु अग्रवाल ने सभी के लिए उपयुक्त सामान की व्यवस्था की। सद्स्यों को बटर, टोमेटो, कुकुंबर, चीज और अनियन जैसे सैंडविच बनाने में प्रयोग में आने वाले सामान के नामों के साथ अलग-अलग ग्रुप में डाल दिया गया था। प्रतियोगिता में रचना ममता और सीमा ने बाजी मारी। उनका प्रदर्शन काफी सुंदर रहा।रजनी गुप्ता ने पुरस्कार बांटते हुए कहा कि इस तरह से अलग-अलग तरह की प्रतियोगिताओं के द्वारा सभी का उत्साह वर्धन भी होता है और साथ मिलकर काम करने की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिलता है। महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने उन सभी को शेफ के एप्रेन और कैप के साथ पुरस्कार वितरण किये। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता अलका मित्तल राम श्री गुप्ता रश्मि महेंद्रु मधु अग्रवाल मीनू चावला रचना सोनी सीमा तिवारी कुसुम साहू नेहा झा ममता अग्रवाल दिव्या गुप्ता पल्लवी चतुर्वेदी कल्पना गुप्ता इत्यादि शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में मधु अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रथयात्रा में आमंत्रण को बाजारों में श्रद्धालुओं और व्यापारियों को दिए पीले चावल



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** महानगर में भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा शुक्रवार दिनांक 27 जून को गोला कुआं स्थित जगन्नाथ जी के मंदिर से निकलेंगी। आज गंधीगर का टपरा, सराफा बाजार, नरिया बाजार, पुरानी पसरट सहित अन्य प्रमुख बाजारों में श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर सेवा समिति द्वारा व्यापारियों व श्रद्धालुओ को रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए पीले चावल दिये गये। इस दौरान जय जगन्नाथ के जयकारे लगाये गये। समाज सेवी पंडित पीयूष रावत ने बताया कि ब्रह्म पुराण, स्कंद पुराण, नारद पुराण आदि धर्मग्रंथों में भगवान जगन्नाथ जी की महिमा व उनकी रथयात्रा का वर्णन है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मंदिर से भव्य रथयात्रा निकलेंगी। जिसमें हजारों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी व सुभद्रा जी के दिव्य दर्शन करेंगे। रथयात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान संजय नौराई, मनमोहन गेडा ,महेंद्र भंडारी ,पीयूष रावत, रवीश त्रिपाठी ,राघव वर्मा,विक्रांत सेठ बंटी सत्येंद्र पुरी गोस्वामी, मुकेश सोनी, आलोक वर्मा, दीपक रिछारिया,पवन गुप्ता ,अतुल मिश्रा ,ध्रुव नौराई ,अमन नौराई ,आदित्य गुप्ता ,कृष्णा मल्होत्रा,जितेन बजाज ,गौरव सेठ, अनिमेश दुबे,विनोद हियारण, आदि मौजूद रहे।

# अभिनव आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग भगतपुर-टांड के तत्वावधान में लवली मैरिज हॉल भोजपुर में एक दिवसीय अभिनव आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी के निर्देश और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार की हिदायत पर हुई इस कार्यशाला में शिक्षा को और आकर्षक बनाने के लिए नए तरीकों पर जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के एसआरजी डॉ. सचिन शुक्ला सहित ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक और कक्षा 5 व 8 के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। ब्लॉक के 15 नवाचारी शिक्षकों ने अपने स्कूलों में किए जा रहे नवाचार साझा किए, जिन्हें बीईओ और एसआरजी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीईओ मनोज कुमार बोस ने शिक्षकों से पारंपरिक शिक्षण विधियों से हटकर नई तकनीकों और टीएलएम का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को सक्रिय रूप से जोड़कर और स्कूल का माहौल आकर्षक बनाकर शिक्षा को रोचक बनाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने नामांकन बढ़ाने और रोजाना प्रार्थना सभा में सफाई कार्य को प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया। एसआरजी डॉक्टर सचिन शुक्ला ने कहा कि शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित करें ताकि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने शिक्षकों से अपने ब्लॉक और जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में नवाचारी शिक्षक हिमांशु शर्मा, मनोज कुमार, करनपाल सिंह, रईस आलम, मोहम्मद अकिल, नाजिया तबस्सुम, सीमा शुक्ला, दीपक कुमार, गौरव कुमार, मो. रिजवान, मोहम्मद तकी, संजीव चौधरी, श्वेता बिसारिया, छोटे सिंह और आसमा परवीन को उनके बेहतर कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह, शिक्षा मित्र संघ के अध्यक्ष अशरफ अली पाशा, पूर्व एबीआरसी शमीम बेग और पूर्व एआरपी सुभाषचंद्र मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक सौरभ प्रसून द्वारा किया गया।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में किसान यूनियन का हंगामा प्रदर्शन



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों व ग्रामीणों ने गांव में लग रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में बिजली घर पर हंगामा प्रदर्शन किया। इस दौरान दर्जनो लोग मौजूद रहे। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र मान के नेतृत्व में किसानों व ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। ? किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र मान ने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। विद्युत विभाग के कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीणों को ऑनलाइन बिल भेजे जा रहे हैं, और विद्युत विभाग के कर्मचारी मनमर्जी का बिल बनाकर ग्रामीणों को प्रताड़ित कर रहे हैं।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रचा नया इतिहास, यूनी रैंक 2025 में देश में प्राप्त की 176वीं रैंक

**वेलकम इंडिया**




**झांसी!** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध संवर्धन, तकनीकी दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भागीदारी के दम पर एक नया इतिहास रचते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रतिष्ठित वैश्विक उच्च शिक्षा रैंकिंग मंच वल्लफंल्लह्य (वल्ल५ी१२३८ फंल्लह्यल्लॅ ऋ१४ीं) द्वारा जारी वर्ष 2025 की रैंकिंग में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को भारत के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में स्थान मिला है, जिसमें उसने देशभर में 176वां स्थान प्राप्त किया है। यह न केवल विश्वविद्यालय के लिए, बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है, जो यह सिद्ध करता है कि क्षेत्रीय संस्थान भी वैश्विक मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। वल्लफंल्लह्य रैंकिंग प्लेटफॉर्म जो ऑस्ट्रेलिया में स्थित है और जिसे वैश्विक शिक्षा क्षेत्र में एक भरोसेमंद मूल्यांकन प्रणाली के रूप में जाना जाता है, इस वर्ष 200 से अधिक देशों के 14,000 से अधिक विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया। भारत से लगभग 900 से अधिक विश्वविद्यालयों ने इस मूल्यांकन में भाग लिया। यह रैंकिंग प्रणाली विश्वविद्यालयों की ऑनलाइन उपस्थिति, डिजिटल प्रभाव, स्वतंत्रता, शोध गतिविधियों, शैक्षणिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता, छात्रों की सहभागिता, और पारदर्शिता जैसे विभिन्न मानकों पर आधारित होती है। जहां इस सूची में देश के प्रमुख तकनीकी और केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे ककळ मुंबई, ककळ मद्रास, ककळ कानपुर, और दिल्ली विश्वविद्यालय शीर्ष स्थानों पर अग्रेषित हैं, वहीं बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के पुराने और स्थापित विश्वविद्यालयों जैसे गोरखपुर, आगरा, बरेली और फैजाबाद को पीछे छोड़ते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा, यह सम्मान हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता, गुणवत्तायुक्त शिक्षा, नवाचार, और उत्कृष्ट शैक्षणिक परिवेश का प्रतिफल है। यह सफलता केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि उस निरंतर परिश्रम और दृष्टिकोण का प्रमाण है, जिसे विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक, शोधार्थी, अधिकारी और छात्र ने साझा किया है।

# संस्कार भारती की बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार जल्द पूर्ण करने का निर्णय



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** संस्कार भारती की एक आवश्यक बैठक आशुकवि अनिल बौहरे के रुई की मंडी स्थित जवाहर भवन आवास पर वरिष्ठ कवि श्याम बाबू चिंतन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए संस्कार भारती के संरक्षक आशु कवि अनिल बौहरे ने कहा कि संस्कार भारती जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार पूर्ण कर आगे कार्यक्रमों को आयोजित करने की रणनीति तैयार करेगी। इस मौके पर संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष चेतन उपाध्याय की ताई के निधन पर उपस्थित लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक कवि गोष्ठी भी आयोजित की गई। कवि गोष्ठी में आशु कवि अनिल बौहरे ने ₹बेमेल विवाह घालमेल आरती, आह आह भूल रहे संस्कार भारती₹, प्रभुदयाल दीक्षित ने ₹मां चन्दा मां चांदनी, मां सूरज मां धुप, मां जननी मां है गुरु मां ईश्वर का रूप₹, पूरन सागर ने ₹आइये किसी की बेवजह मुस्कराने की वजह बने₹, पंडित हाथरसी ने ₹ब्याह हमारौ भयो एक इंग्लिश मैम सेर₹, सोनाली वार्ष्णेय ने ₹जिंदगी में उम्मीद की खिड़की को खुला रखिये, उलझनों की हवा तो आती जाती रहेगी₹, जिलाध्यक्ष चेतन उपाध्याय ने ₹संविधान के मंदिर को तब मंडी बनाकर रखा था।

# मातेश्वरी जगत अम्मा के स्मृति दिवस पर डॉक्टर संदीप ने श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** मातेश्वरी जगत अम्मा के स्मृति दिवस के अवसर पर जनपद के शिवाजी नगर स्थित आश्रम पर संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप सरावगी को आमंत्रित किया गया। अतिथियों के आगमन पर तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत संगोष्ठी से हुई तत्पश्चात मातेश्वरी को भोग लगाकर सभी को भोजन प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में बीके रितु ने सभी आगंतुकों को आत्मिक ज्ञान का संदेश दिया और डॉ० संदीप से ब्रह्मकुमारी आश्रम से सम्बंधित कई विषयों पर चर्चा हुई। बीके रितु ने बताया ब्रह्म कुमारियां एवं ब्रह्म कुमार एक आध्यात्मिक संगठन है जिसकी स्थापना 1930 के दशक में दादा लेखराज कृपलानी ने की थी, जिन्हें ब्रह्म बाबा के नाम से भी जाना जाता है। यह संगठन राजयोग ध्यान और आत्मिक ज्ञान पर आधारित है। यह आश्रम 130 देश में फैला हुआ है जिसका मुख्य कार्यालय राजस्थान माउंट आबू पर स्थित है। संस्था की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आत्मा की वास्तविकता और उसके महत्व को समझना है। संगठन आत्मिक ज्ञान और राजयोग ध्यान के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक जीवन की ओर ले जाने का काम करती है। इसके अतिरिक्त संगठन नैतिकता, सदाचार, सेवा और परोपकार भी पर भी मुख्य रूप से केंद्रित है। ब्रह्मकुमारी संगठन काफी वृहद स्तर पर देश और विदेशों में कार्य कर रहा है इस संगठन की लगातार बढ़ती ख्याति का कारण संगठन का अनुशासन है प्रत्येक संगठन के लिए अनुशासन काफी आवश्यक होता है जहां अनुशासन की कमी होती है वहां संगठन विस्तार नहीं कर पाते। आज ब्रह्मकुमारी आश्रम आकर कई विषयों पर चर्चा हुई हम सभी मातेश्वरी जगत अम्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस अवसर पर बीके हृदेश, बीके रितु ,अशोक यादव, दिनेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, जगदीश यादव, संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, महेंद्र रायकवार, राहुल रायकवार, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, राजू सेन, मास्टर मुन्नालाल आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में 1019 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 67 बच्चों को दवा देकर लाभान्वित किया

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस ।** में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये गये व्यापक बाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग अभियान के सफल संचालन की जानकारी देते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को कुल 14 मोबाइल टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण किया गया। अभियान में 1019 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 67 बच्चों को उसी समय सामान्य रोग-प्रबंधन एवं दवा देकर लाभान्वित किया गया, जबकि 26 बच्चों को जटिल अवस्थाओं हेतु उच्च स्वास्थ्य संस्थानों को रेफर किया गया है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि टीमों में चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट एवं एएनएम सम्मिलित थे, जो 'चार डी' (जन्मगत विकार, विकासात्मक विलम्ब, रोग एवं कम उम्र में अक्षमता) की विस्तृत जाँच के लिये प्रशिक्षित हैं। सक्रियता का दायरा हसायन, हाथरस शहरी, महो, मुरसान, सादाबाद, सहपऊ, सासनी एवं सिकंदराराव ब्लॉकों के 14 उप-क्षेत्र सम्मिलित हैं। स्थल पर उपचार - सामान्य त्वचा संक्रमण, कंठ एवं नाक-कान रोग, अल्प हिमोग्लोबिन आदि को प्राथमिक स्तर पर निःशुल्क औषधियाँ प्रदान की गयीं। रेफरल प्रबंधन - जटिल हृदय-विकार, दृष्टि-दोष, बहरापन तथा गम्भीर पोषण-गंभीरता वाले बच्चों को जिला अस्पताल तथा संबद्ध विशिष्ट संस्थानों को भेजा गया। डेटा-एंट्री & फॉलो-अप सभी विवरण एप पर अपलोड किये गये; ब्लॉक स्तरीय टीमों को 72 घण्टे के भीतर अनुवर्ती कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान समेकित बाल स्वास्थ्य के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# झोलाछाप और पैथोलॉजी को अभयदान देने के लिए इनकी महीनादारी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से हैं बंधी : सूत्र

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**सहपऊ।** झोलाछापों को बचाने के लिए पूरे जिले में खेल चल रहा है। लोगों की जान दांव पर लगाने वाले झोलाछाप और पैथोलॉजी लैबो को कार्रवाई के नाम पर नोटिस तो दिए जाते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती। बाद में नोटिस के बदले उनसे वसूली और कर ली जाती है। फिर झोलाछाप अपने बचने के लिए कोई दूसरा रास्ता निकाल लेते हैं। इनके रजिस्ट्रेशन किए जाने के मामले में शासन स्तर से जांच पहले से ही चल रही है। इसके बावजूद ऐसा हो रहा है।

जिले में झोलाछाप बिना किसी डर के चिकित्सा व्यवसाय कर रहे हैं। हम हाथरस जिले के सहपऊ की बात कर रहे हैं। यंहा पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहपऊ के प्रकाश मोहन है। जो करीब एक साल से अधिक टिके हुए है। कुछ दिन पहले सहपऊ सीएचसी की ओर से 15 से ज्यादा झोलाछाप और पैथोलॉजी को नोटिस दिए गए थे। इसके बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। चर्चा इस बात की भी है कि नोटिस देने के बाद हर बार की तरह इस बार भी खेल कर लिया गया। इसी के चलते कार्रवाई नहीं की जा रही। कुछ झोलाछाप को बचने का मौका भी दिया जा रहा है। मुरसान क्षेत्र के निवासी एक शिकायतकर्ता महिला आरती ने झोलाछाप डाक्टर और अवैध पैथोलॉजी के खिलाफ शिकायत की थी। प्रकाश मोहन, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहपऊ ने श्री ओम प्रकाश पैथोलॉजी गौतम मार्केट के सामने मानिकपुर सहपऊ, न्यू वर्मा पैथोलॉजी, सुपर मार्केट नगला सलेम, पारख पैथोलॉजी, इसौदा रोड़ मानिकपुर सहपऊ, व केबी डायग्नोस्टिक नीयर सब्जी मंडी मानिकपुर सहपऊ। तथा लाला राम झोलाछाप सुपर मार्केट मानिकपुर सहपऊ, झोलाछाप डाक्टर अफरोज खान गाँव मानिकपुर सहपऊ, श्री लाखन सिंह बघेल सुपर मार्केट मानिकपुर सहपऊ, फाइन पैथोलॉजी लैव, गौतम मार्केट एलबीएस इंटर कॉलेज के पास मानिकपुर, श्री केके झोलाछाप डाक्टर, आरपी इंटर कॉलेज मार्केट मानिकपुर सहपऊ इन अवैध झोलाछाप डाक्टर व पैथोलॉजी संचालकों के खिलाफ नोटिस तो थमा दिए लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे इन पर लगाम लग सके। यदि देखा जाए तो सहपऊ क्षेत्र में ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों व पैथोलॉजी लैबो का मकड़जाल बना हुआ है। जो सहपऊ चिकित्सा अधिकारी प्रकाश मोहन की संरक्षण में चलना ही प्रतीत हो रहें हैं। सहपऊ क्षेत्र के करीब सभी गाँव में झोलाछापों की बाढ़ सी आई है, लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। कभी-कभी कार्रवाई का दिखावा करने के लिए नोटिस जरूर थमा दिए जाते हैं लेकिन समय बीतने के साथ इस पर भी गौर नहीं किया जाता। सूत्र बताते हैं कि झोलाछाप को अभयदान देने के लिए इनकी महीनादारी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से बंधी है।

# अवैध धंधा करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, सतीश कुमार

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के गांव गंगेरू में शिया समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर मोहर्रम के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने की अपील की। इस दौरान शिया समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

गुरुवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने क्षेत्र के गांव गंगेरू में मोहर्रम के त्यौहार को लेकर शिया समुदाय के लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने शिया समुदाय के लोगों से मोहर्रम के त्यौहार को शांति पूर्वक में भाईचारे के साथ बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का महीना गम का महीना है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ साइबर पुलिस की पैनी नजर है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल मिलाई जाएगी। थाना क्षेत्र में कोई भी अवैध कार्य करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे, सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और अवैध धंधा करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अफवाहों पर ध्यान ना दें और भाईचारा कायम रखें। उन्होंने बैठक में मौजूद शिया समुदाय के लोगों को आश्वासन दिया कि जुलूस के दौरान भारी पुलिस बल और पीएसी बल तैनात रहेगा। बैठक के बाद उन्होंने जिन रास्तों से मोहर्रम का जुलूस निकलेगा उन रास्तों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वसी हैदर, इस्तखार हुसैन, पप्पू जैदी, फरहत हुसैन, मौहम्मद आलम, मुख्तार हुसैन, मौलाना तूराब, मोहम्मद अली सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# कार चालक के साथ मारपीट कर बंधक बनाकर नहर किनारे फेंका

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक युवक के साथ कई युवकों ने मारपीट करते हुए बंधक बनाकर नहर किनारे फेंक दिया घंटो बाद पीड़ित परिजनों ने मौके पर पहुंचकर बंधन मुक्त कराकर अस्पताल में भर्ती कराया मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के बयान दर्ज किए। पुलिस जांच में युवक द्वारा बताई गई घटना फर्जी निकलीं। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला रायजादगान निवासी समीर पुत्र अकबर ने बताया कि वह अपनी गाड़ी की धुलाई करने के बाद भारसी मोड़ से होते हुए अपने घर वापस आ रहा था आरोप है कि जैसे ही वह नहर पुल पर पहुंचा तो सामने खड़े पांच युवकों ने कार को रुकवा लिया और पीड़ित को नीचे उतार कर उसके साथ जमकर मारपीट की और ब्लेड मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित युवक का आरोप है की आरोपियों ने रस्सी से बांधकर पीड़ित को जान से मारने की नीयत से नहर के किनारे पानी के एक गड्ढे में फेंक कर फरार हो गए। पीड़ित परिजनों के अनुसार जब घंटो बाद भी युवक घर नहीं पहुंचा और फोन पर बात करने का प्रयास किया तो फोन रिसीव नहीं हुआ पीड़ित परिजन तलाश में निकले तो कार नहर पुल के समीप लावारिस हालत में खड़ी हुई थी। आसपास के क्षेत्र में तलाश किया तो युवक एक रस्सी से नहर किनारे बंधा हुआ पड़ा था। पीड़ितो ने युवक को बंधन मुक्त करते हुए अपने मोबाइल फोन में घटनास्थल की वीडियो बना ली और युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल में पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने घायल युवक के बयान दर्ज किए। पीड़ित युवक ने बताया कि उसका मोहल्ले में एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग है आरोप है की युवती के भाई ने रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट कराई है पूर्व में भी रामलीला मेला महोत्सव में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की थी।

# मथुरा रिफाइनरी में हुआ हादसा, कर्मचारी झुलसा



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी में बीते दिनों इलेक्ट्रिक पैनल बोर्ड में फायर हो गया, पैनल बोर्ड पर कार्य कर रहा रिफाइनरी कर्मचारी आग की चपेट में आकर झुलस गया। आग में झुलसे हुए घायल रिफाइनरी कर्मचारी को दिल्ली के अपोलो अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया, फिलहाल रिफाइनरी कर्मचारी का उपचार अपोलो अस्पताल में चल रहा है एवं रिफाइनरी कर्मचारी की स्थिति भी स्थिर बनी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिफाइनरी में कार्यरत इंडियन ऑयल कर्मचारी का नाम प्रेम प्रकाश शर्मा बताया जा रहा है, जो इलेक्ट्रिकल का कार्य करता है। पिछले सप्ताह प्रोसेसिंग सब-स्टेशन पर इलेक्ट्रिक पैनल पर कार्य करते समय पैनल में अचानक फायर होने से रिफाइनरी कर्मचारी आग की चपेट में आ गया, जिससे रिफाइनरी कर्मचारी झुलस गया। बताया जा रहा है कि रिफाइनरी कर्मचारी बिना आईएफआर सूट एवं हाथ के दस्ताने पहने हुए ही पैनल बोर्ड पर कार्य कर रहा था।

# सीआईएसएफ ने शुरू की राष्ट्रीय अग्निशमन प्रशिक्षण पहल

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत का एकमात्र केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है, जिसके पास एक समर्पित अग्निशमन विंग है जो एक राष्ट्रव्यापी अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कर रहा है। सीआईएसएफ स्थापना दिवस 2023 के दौरान, देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में सीआईएसएफ को 100 भारतीय शहरों के अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षित करने का विशेष दायित्व सौंपा था। इस निर्देश के बाद, सीआईएसएफ ने राज्य अग्निशमन सेवा कर्मियों के कौशल को उन्नत करने के लिए एक विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया। वर्ष 2023-24 के दौरान, हैदराबाद में सीआईएसएफ के प्रतिष्ठित अग्निशमन सेवा प्रशिक्षण संस्थान (एफएसटीआई) ने 11 प्रशिक्षण बैचों का आयोजन किया, जिसमें 113 शहरों के 274 अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वर्ष 2025 में इस पहल को और गति मिली, जब पाँच अतिरिक्त प्रशिक्षण बैच आवंटित किये गए। इनमें से चार पहले ही संपन्न हो चुके हैं, जिससे 10 राज्यों के 46 शहरों के 106 प्रतिभागियों को लाभ मिला है। पाँचवाँ प्रशिक्षण सत्र आगामी 25 अगस्त 2025 को प्रारंभ होगा।

आज तक, इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 150 शहरों के 380 अग्निशामकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है। यदि राज्य अपने अग्निशामकों को पाठ्यक्रम के लिए नामांकित करने के इच्छुक हैं, तो सीआईएसएफ वर्ष 2025 के प्रशिक्षण कैलेंडर में अतिरिक्त स्लॉट को समायोजित करने के लिए भी तैयार है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आधुनिक अग्निशामक और बचाव तकनीकों के साथ-साथ महत्वपूर्ण आपदा प्रबंधन कौशल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है। घनी आबादी वाले शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में उभरती चुनौतियों का समाधान करने पर विशेष जोर दिया जाता है। कार्यक्रम में परिष्कृत अग्नि प्रतिक्रिया तंत्र, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (सीबीआरएन) आपात स्थितियों के लिए तैयारी और रासायनिक युद्ध एजेंटों से निपटने जैसे उन्नत विषयों को शामिल किया गया है, जो आधुनिक खतरों की विकसित प्रकृति को दर्शाता है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने बल की इस अनूठी पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹एक समर्पित फायर विंग के साथ एकमात्र सीएपीएफ के रूप में सीआईएसएफ अग्निशमन कर्मियों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने और अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन तैयारियों के लिए एक सक्रिय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अग्नि सुरक्षा अनुसंधान और प्रथाओं में नवीनतम को प्रतिबिंबित करने के लिए लगातार अपडेट किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे अग्निशामक न केवल समय पर आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए बल्कि रोकथाम के लिए भी सशक्त हैं।

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए की गई मॉकड्रिल

असदुल्लाह सिद्दीकी



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने गुरुवार को बांसी राप्ती नदी तट पर स्थित रानी मोह भक्त लक्ष्मी स्नान घाट पर लोगों को बाढ़ से बचाव व प्रबंधन का तरीका बताया।

बाढ़ प्रबंधन के लिए जिलाधिकारी इंसीडेट कमांडर डॉ. राजा गणपति आर. के निर्देशन पर एसडीआरएफ की टीम व जिले के स्वास्थ्य विभाग, जिला पुलिस, पीएससी 26 वीं वाहिनी गोरखपुर आदि टीमों ने बाढ़ आपदा होने पर खोज, राहत व बचाव कार्य के लिए मॉकड्रिल का संयुक्त अभ्यास तहसील बांसी के रानी मोहभक्त लक्ष्मी घाट पर किया। इसमें लोगों को बाढ़ से बचाव के तरीके को बताया गया। तहसील बांसी के रानी मोहभक्त लक्ष्मी घाट के स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दी गई कि नदी में बाढ़ आ गई है, जिससे बाढ़ का पानी प्रवेश करना प्रारंभ हो गया है। सूचना की स्थिति को देखते हुए जिला कंट्रोल रूम को अवगत कराया गया है। लगभग 50 मिनट में पूरी आपदा की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुंच गई। बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया।

# एसओजी के हत्थे चढ़े तीन बाइक चोर, चोरी की दस बाइक बरामद

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** एसओजी और मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को सुबह चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार तीन संदिग्धों को सड्डा तिराहा से पकड़ लिया। इनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में इनकी निशानदेही पर चोरी की अन्य नौ बाइक बरामद की गई। पकड़े गए आरोपियों में एक नेपाल का रहने वाला है। उस पर नेपाल में बाइक चोरी के चार मामले दर्ज हैं और वह जेल जा चुका है। पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया। पुलिस लाइंस में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि जनपद में हुई बाइक चोरी के मामले का पदार्फाश करने के लिए टीम लगाई थी। बृहस्पतिवार को एसओ मोहाना रोहित उपाध्याय को जानकारी मिली की बाइक चोरी करने वाले गिरोह के कुछ लोग क्षेत्र में हैं। मामले को संज्ञान में लेते हुए एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी के साथ टीम तैयार हुई और मोहाना थाना क्षेत्र के सड्डा तिराहा पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर सवार तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिन्हें रोका गया तो वह भागने लगे, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान गाड़ी के दस्तावेज मांगे गए तो वह दिखाने ने असफल रहे। इनकी निशानेदही पर 10 बाइक बरामद हुईं। जो जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों से चोरी हुई थी। पकड़ने वाली टीम को 20 हजार रुपये इनाम दिया गया है। यह हैं पकड़े गए आरोपी : सुधाकर हरिजन निवासी बेतकुईयां थाना मधुबेनिया जिला रुपनदेही राष्ट्र नेपाल है, जिस पर नेपाल में वाहन चोरी के चार केस दर्ज हैं।

# बंद खातों में धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले चार शातिर अभियुक्त गिरफ्तार




वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार ने बताया कि दिनांक 18 मई को वादी असलम निवासी देवीपुरा प्रथम शास्त्री पार्क थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर ने थाना साइबर क्राइम पर तहरीर दी कि वह वर्ष-2022 में चारपाई व फोल्डिंग बनाने का कार्य करता था तथा व्यवसाय के संचालन हेतु बंधन बैंक में उसने एक खाता खुलावाया था उसके बाद उसका काम बंद हो गया था तथा उसने दिनांक 31 दिसंबर 2022 के बाद उसने बैंक खाते में कोई लेन देने नही किया था जिससे उसका बैंक खाता बंद हो गया था। दिनांक 21 अप्रैल 2025 को कुछ अज्ञात व्यक्ति उनके घर पर आये कि तुम्हारे बैंक खाते से अवैध लेने देन किया गया है। इसके बाद उसने बैंक जाकर जानकारी की तो पाया कि उसके बैंक खाते में कोई अन्य मोबाइल नम्बर लगा हुआ है और उससे लेन देन किया गया है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना साइबर क्राइम पर मुअसं-15/25 धारा 318(4) बीएनएस व 66उ,66ऊ आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया है।

# एक ही परिवार के मिले तीन शव पडोसियो की सूचना पर पहुची पुलिस

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़** । लीलापुर थानान्तर्गत सगरा सुन्दरपुर बाजार मे एक परिवार से तीन शव मिले सूचना पर पहुची पुलिस ने दरवाजा खोल देखा तो शव के पास पाच माह का बच्चा रोता मिला जिसे देख पुलिस के साथ ही स्थानीय लोगो की आखो से भी आंसू निकल आए ।

जनपद मे तीन मौतों की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया है। प्रतापगढ़ में मां, बेटे और बहू का शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला। दरअसल, गुरुवार सुबह जब देर तक परिवार के लोग नहीं उठे तो नानी ने दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो मां-बेटे और बहू के शव बेड पर पड़े थे। पुलिस ने पाया कि उनके मुंह से झाग निकल रहा था। तीनों के शव के पास में 5 महीने का बच्चा रो रहा था। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि तीनों ने सुसाइड किया है। बेटे की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। मौत से एक दिन पहले बेटे ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीर पोस्ट की थी। मामला लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर बाजार का है। प्राप्त खबर अनुसार 28 साल के अंकित पटवा मूल रूप से रायबरेली के रहने वाले थे। उनकी मां आशा (48) और पिता राकेश का 25 साल पहले तलाक हो गया था। तभी से अंकित अपनी नानी यशोदा देवी (80) के साथ ननिहाल में रह रहे थे। नानी अक्सर बीमार रहती हैं। डेढ़ साल पहले अंकित की शादी रिया (24) से हुई थी। पांच महीने पहले रिया ने बेटे को जन्म दिया था। अभी तक बच्चे का नामकरण भी नहीं हुआ है। नानी यशोदा देवी ने बताया कि बुधवार रात पूरे परिवार ने साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद सभी अपने-अपने कमरे में सोने चले गए।

# ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

असदुल्लाह सिद्दीकी



**बेलौहा/सिद्धार्थनगर।** बांसी विधानसभा के महानुआ बेलौहा में गुरुवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन अकटकट के नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का आयोजन क जिला सचिव एहसान खान व नईम अख्तर अंसारी की अध्यक्षता में किया गया। जिस के मुख्य अतिथि अकटकट के प्रदेश महासचिव मोहम्मद सलमान मालिक व जिला अध्यक्ष निशात अली रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोहम्मद सलमान मालिक ने नुक्कड सभा को सम्बोधित करते हुए कहाँ की देश व प्रदेश में मुस्लिमो का लिंचिंग अत्यधिक बढ़ गई है मुस्लिमो के प्रति हिंसा व मुसलमानो के धार्मिक अस्थल अब सुरक्षित नहीं है इस लिए अब अब अपनी कायदत को मजबूत करें ताकि मुसलमानो के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को खत्म किया जा सके और एक बेहतर समाज बनाने का काम किया जा सके, आगे उन्होंने कहा देश में एक सामाजिक सद्भाव व सभी धर्मों के सम्मान व स्वाभिमान की सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए जिस से देश आगे बड़े देश में समृद्धि हो। अकटकट जिला अध्यक्ष निशात अली ने भी पार्टी की विचारधारा और संगठन को मजबूत करने व आगामी जिलापंचायत चुनाव पर अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला मुख्य महासचिव नईम अख्तर अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष बांसी आसिफ इकबाल खान, विधानसभा अध्यक्ष डुमरियागंज शम्स तबरेज, कारी तय्यब आजाद, जिला महासचिव मेराज चौधरी, जिला महासचिव रिजवान जाफरुल्लाह, आजाद ने भी नुक्कड़ सभा को अपने अपने विचारों से सम्बोधित किया। इस दौरान तनवीर खान, आफताब अहमद, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अध्यात्मपीठ पर चल रही भरत चरित्र कथा में भक्त हुए भाव विभोर

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज धाम गोवर्धन के परम पावन स्थान अध्यात्म पीठ पारासौली पर ब्रजमंडल के सरस भागवत वक्ता पीठाधीश्वर पं. पूर्ण प्रकाश जी महाराज ने अध्यात्म पीठ पर विराजमान ठाकुर श्री बृज वल्लभ लाल जी के प्रांगण से भरत चरित्र कथा की महिमा का धार्मिक वर्णन किया।

चित्रकूट में महात्मा भरत और भगवान श्रीराम का मिलाप का संवाद सुनकर भक्त भाव विभोर हुए। कथा व्यास पूर्ण प्रकाश जी महाराज ने बताया कि भरत जी को जब पता चला कि मेरी माता ने भय्या श्रीराम को वन भेज दिया है तो उनपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। भरत जी ने सभा बुलाकर चित्रकूट जाने के लिए सभी माताओं, गुरुवर औ? अयोध्या वासियों को तैयार किया। रास्ते मे भगवान राम के मित्र निषादराज को भरत जी ने प्रणाम करके गले लगाया। चित्रकूट में जाकर राम जी भक्त भरत जी का मिलन हुया। भरत जी को देखकर रामजी के धनुष बाण गिर पड़े। भरत जी ने वापस लौटने की प्रार्थना की, पर राम जी ने कहा यदि मैं अयोध्या लौट चलूंगा तो शबरी माता को दर्शन कैसे दे पाउंगा। भगवान ने अपनी चरण पादुका देकर भरत जी को अयोध्या लौटाया। भरत के समान भाई कोई दूसरा नहीं हो सकता। कहा कि भरत चरित्र को नियम से सुनने से राम जी के चरणों में प्रेम उत्पन्न हो जाता है। भरत चरित्र की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि आजकल एक इंच जमीन के लिए कोर्ट तक लड़ाई होती है, पर राम जी ने भरत जी के लिए अपने अधिकार का राज्य छोड़ दिया और भरत जी ने भी उस राज्य को अपने बड़े भाई को वापस लौटा दिया। समाज में तीन राम और तीन भरत हुए है। पहले राम थे परशुराम, दूसरे दशरथ के पुत्र राम और तीसरे ब्रज के राजा बलराम। इसी प्रकार तीन भरत हुए पहले जड़भरत, दूसरे शकुन्तला पुत्र भरत और तीसरे दशरथ पुत्र भरत। कथा व्यास ने कहा कि दूसरों के सुख से सुखी होना और दूसरों के दुख से दुखी होना ही संत होने के लक्षण है। संतत्व के गुण ठीक व्यक्ति में आ सकते हैं यदि वह सच्चे मन से कथा और सत्संग सुनता है। श्री भरत कथा मन को निर्मल बनाकर दोषों को दूर करती है। हमारा समाज स्वर्ग से सुंदर बन जाए यदि समाज के लोग एक दूसरे के दुख सुख को अपना दुख सुख समझ लें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैंकर्स की समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ जनपद की कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़, में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति (ऊछफउ) की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।इस बैठक का उद्देश्य जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, वित्तीय समावेशन, एवं विकास परियोजनाओं के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना था। जिलाधिकारी ने बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने पर बल दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ मिल सकें। उन्होंने बैंकिंग के विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की एवं बैठक मे भाग ले रहे सभी बैंक समन्वयक अधिकारियों को बैंको मे लंबित पड़े आवेदन पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण करने एवं ऋण जमा अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिये।जिला अधिकारी ने बैठक में जिले के आर्थिक विकास में बैंकों



की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और कहा कि बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर सभी बैंकों से आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक रूपरेखा तैयार करने और जिले के आर्थिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला अग्रणी बैंक कार्यालय के मुख्य प्रबंधक राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवम अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी बैंकों द्वारा जिले में चल रही सरकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें मुख्य रूप से मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना,ओडोप योजना, फिशिंग योजना और अन्य योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा गढ़ क्षेत्र में कैंप लगाते हुए फिशिंग योजना की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करें जिससे की ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके ह्न बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप जी, कृषि उपनिदेशक ,सभी बैंको के जिला समन्वयक अधिकारी उपस्तिथ रहे।अंत में, मुख्य प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक ने बैठक के सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया और सभी से जिले के विकास के प्रति अपने उत्तरदायित्व को पूरी निष्ठा से निभाने का अनुरोध किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ जनपद की कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी, रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), शैलेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, डा० सुनील गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी हापुड़, निशांत, टी०एस०आई० नरेश कुमार, एन०एच०ए०आई० गाजियाबाद से प्रिन्स चौहान, एन०एच०ए०आई० मुरादाबाद से जयवर्धन सिंह, एन०एच०ए०आई० गाजियाबाद से मनीष पाण्डेय, आशुतोष उपाध्याय यात्री /मालकर अधिकारी, संदीप सिंह, संजय कुमार, सहायक अभियंता हापुड़, मुकुल नागपाल सहायक अभियंता, अधिशासी अधिकारी हापुड़, डा० शैलेन्द्र कुमार



०डी०आई०ओ०एस०, मौ० दानिश कुरैशी चैयरमैन, निशांत राजपूत रोल आउट मैनेजर एन0आई0सी, डा० ए०पी० जे० अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी आदि ने प्रतिभाग किया । जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो भी अपंजीकृत ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं अथवा थाने में निरूद्ध है, उन्हें कमेटी बनाकर स्कैप करा दिया जाये। सभी ब्लैक स्पॉटस्पर एक सप्ताह में जो भी कार्य होने हैं, पूर्ण किया जाये। ई-रिक्शा के मार्गों का निर्धारण कराया जाये। स्कूली वाहनों का शत-प्रतिशत फिटनेस करा कर ही संचालन हो, जो भी अवैध विज्ञापन/फ्लैक्सी लगे हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाये।जनपद में जहां भी टी जंक्शन एवं वाई जंक्शन है, जो मुख्य मार्ग से जुडते हैं. उनका चिन्हांकन कर सुधार की कार्यवाही की जाये।जनपद में जो भी अवैध कट है, उनको बंद कराया जाये। सड़क दुर्घटना रोकने हेतु एन०एच०-24 पर शीघ्र ही ओवर स्पीड कैमरा लगाया जाये।

बैठक के अन्त में श्री रमेश कुमार चौबे, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़ द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गयी।

# एक ही परिवार के मिले तीन शव पडोसियो की सूचना पर पहुची पुलिस

**वेलकम इंडिया**

**प्रतापगढ़** ।लीलापुर थानान्तर्गत सगरा सुन्दरपुर बाजार मे एक परिवार से तीन शव मिले सूचना पर पहुची पुलिस ने दरवाजा खोल देखा तो शव के पास पाच माह का बच्चा रोता मिला जिसे देख पुलिस के साथ ही स्थानीय लोगो की आखो से भी आंसू निकल आए ।

जनपद मे तीन मौतों की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया है। प्रतापगढ़ में मां, बेटे और बहू का शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला। दरअसल, गुरुवार सुबह जब देर तक परिवार के लोग नहीं उठे तो नानी ने दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो मां-बेटे और बहू के शव बेड पर पड़े थे। पुलिस ने पाया कि उनके मुंह से झाग निकल रहा था। तीनों के शव के पास में 5 महीने का बच्चा रो रहा था। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि तीनों ने सुसाइड किया है। बेटे की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। मौत से एक दिन पहले बेटे ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीर पोस्ट की थी। मामला लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर बाजार का है।प्राप्त खबर अनुसार 28 साल के अंकित पटवा मूल रूप से रायबरेली के रहने वाले थे। उनकी मां आशा (48) और पिता राकेश का 25 साल पहले तलाक हो गया था। तभी से अंकित अपनी नानी यशोदा देवी (80) के साथ ननिहाल में रह रहे थे। नानी अक्सर बीमार रहती हैं। डेढ़ साल पहले अंकित की शादी रिया (24) से हुई थी। पांच महीने पहले रिया ने बेटे को जन्म दिया था। अभी तक बच्चे का नामकरण भी नहीं हुआ है। नानी यशोदा देवी ने बताया कि बुधवार रात पूरे परिवार ने साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद सभी अपने-अपने कमरे में सोने चले गए।

# बिना लाइसेंस के 640 किलोग्राम केमिकल बरामद, फैक्ट्री मालिक पर केस दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : मुख्यमंत्री उड़नदस्ते (सीएम फ्लाइंग) की टीम ने वीरवार को बरवाला के मॉडल टाउन कॉलोनी में स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में टीम ने करीब 640 किलोग्राम केमिकल बरामद किया, जिसे बिना वैध लाइसेंस के वहां स्टोर किया गया था। मामले में आरएस हेल्थकेयर के विनय कुमार के खिलाफ बरवाला पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।इस छापेमारी का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ बीडीपीओ राहुल श्योकंद, पशुपालन विभाग के डॉक्टर राजेश कुमार और बरवाला पुलिस टीम मौजूद रही। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को सूचना



मिली थी कि मॉडल टाउन कॉलोनी के वार्ड नंबर 12 में आरएस हेल्थकेयर नाम से एक फैक्ट्री में अवैध रूप से केमिकल स्टोर किया गया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचने पर मकान बंद मिला, जिसके बाद मकान मालिक विनय कुमार और पार्षद को बुलाया गया। ताला खोलने के बाद टीम ने फैक्ट्री की गहन तलाशी ली, जहां से 6 छोटे-बड़े ड्रमों में करीब 640 किलोग्राम केमिकल बरामद हुआ। पूछताछ में विनय कुमार ने बताया कि उन्होंने फैक्ट्री लगभग छह महीने पहले बंद कर दी थी। जब सीएम फ्लाइंग टीम ने लाइसेंस की मांग की, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में सामने आया कि आरएस हेल्थकेयर को 2022 तक पशुपालन विभाग से लाइसेंस मिला था, लेकिन उसके बाद ना तो उसका नवीनीकरण हुआ और ना ही नई अनुमति ली गई। छापेमारी की सूचना मिलते ही बरवाला थाना प्रभारी दलबीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। डॉक्टर राजेश कुमार की शिकायत पर बरवाला निवासी विनय कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। बरामद केमिकल के सैंपल भरकर जांच के लिए लैब में भेजे जा रहे हैं। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने कहा कि प्रदेश सरकार की हिदायतों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेंस के न तो दवाइयां बना सकता है और न ही स्टोर कर सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय की छात्रा ने डांस प्रतियोगिता में नेपाल में जीती स्वर्ण पदक



**वेलकम इंडिया**

मिजार्मुराद। गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नंदिनी सेन ने भारत और नेपाल के बीच नेपाल के पोखरा में आयोजित चार दिवसीय ईडो-नेपाल इनविटेशन रोलर बास्केटबॉल, स्पीड स्केचिंग, और डांस स्मार्ट चैपियनशिप अंडर- 19 सेमी क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में भारत की तरह से नंदिनी सेन ने भाग लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की।ज्ञात हो कि नदिनी ने पूर्व में भी भारत नेपाल स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2023 में आयोजित अंडर-19 सेमी क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने में सफल रही हैं। वहीं उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, भारत चैंपियन 2023 अंदर-19 सेमी क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और मुरादाबाद में द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहीं। इसके अलावा नंदिनी ने कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सफलता प्राप्त कर चुकी हैं।



महाविद्यालय के प्रबंधक व वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम द्वारा गुरुवार को नंदिनी को मोमेंटो व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया वही नंदिनी के पिता त्रिवेणी लाल सेन वर्तमान में मिजार्पुर पुलिस में निरीक्षक अपराध शाखा के पद पर कार्यरत उनको भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। नदिनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता भाई-बहन और गुरुजनों को दिया है।इस दौरान प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', अमृता सिंह, मुकेश यादव, संजय मिश्रा, राजेश सिंह, अभिषेक दूबे, रामजी यादव, वीरेन्द्र विश्वकर्मा समेत महाविद्यालय के समस्त स्टॉप ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की काम की।

# किसानों ने नकली कीटनाशक दवाईयां बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर डीएम से लगाई गुहार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़/जनपद में किसानों को ब्रांडेड कंपनी के पैकिंग में उर्वरक एवं कीटनाशक दवाएं पेस्टिराइड बीज देकर किसानों की जेबों पर डाका डालने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जिला अध्यक्ष पवन हूंण के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल दल जिला अधिकारी अभिषेक पांडे से मिला और नकली कीटनाशक दवाई उर्वरक पेस्टिसाइड बीज बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही करने को लेकर कानूनी कार्यवाही की मांग की।बता दें कि जनपद हापुड़ के गांव दोयमी में कृषि विभाग प्रशासन द्वारा 24-06-2025 को पकड़े गए नाम चिन्ह कंपनियों के खाद के खाली बोरे और दवाईयों के



पैकेट उर्वरक खाद सप्लाई करने वाला यह गिरोह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सक्रिय है। जो प्रदेश में करीब 22 जिलों मे अपना मकड़ जाल फैलाए हुए हैं।कुछ दिन पहले राजस्थान में 12 लाख में ट्रैक्टर नाम चिन्ह कंपनी की दवाईंयां एवं उर्वरक पकड़े गए थे। हापुड़ के समीप धीरखेड़ा,में नकली दवाइयों का बहुत बड़े पैमाने पर गोरख धंधा होता है। यहां से हापुड़ सहित अन्य जिलों के लिए दवाईयां सप्लाई होती है।यहां पहले भी कई बार ब्रांडेड कंपनियों के रैपर पकड़े जा चुके हैं। लेकिन इन खाली रेपरो में माल की पैकिंग कहीं और की जाती है। गोदामों के सैंपल भी कई बार फेल हुए हैं।

# रूस की आस्ट्राखान स्टेट यूनिवर्सिटी और एमआईईटी ग्रुप के बीच शैक्षणिक सहयोग हेतु एमओयू साइन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक और शोध सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रूस की प्रतिष्ठित आस्ट्राखान स्टेट यूनिवर्सिटी और एमआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मेरठ के बीच एक सहमति ज्ञापन (टङ्कव) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता एमआईईटी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल और यूनिवर्सिटी के रेक्टर आई. ए. अलेक्सीव द्वारा औपचारिक रूप से संपन्न किया गया। समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक व अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी की जाएगी।इसमें शिक्षकों, शोधकताओं, छात्रों और पीएच.डी. स्कॉलर्स का आपसी आदान-प्रदान,



इंटर्नशिप कार्यक्रम, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, शोध डेटा का आदान-प्रदान और एक-दूसरे के अनुसंधान केंद्रों तक पहुंच शामिल है।दोनों संस्थान मिलकर शोध पत्रों, रिपोर्टों एवं अन्य अकादमिक प्रकाशनों का सह-प्रकाशन करेंगे तथा संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलनों और टेली-कॉन्फ्रेंस जैसे कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन करेंगे। इसके अतिरिक्त, पीएच.डी. शोध प्रबंधों के लिए संयुक्त निर्देशन, डबल डिग्री सहित संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों का विकास, शिक्षकों के लिए उन्नत प्रशिक्षण एवं पुनः प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इस सहयोग का हिस्सा होंगे।दोनों संस्थान भविष्य में अन्य संभावित क्षेत्रों में भी साझेदारी को विस्तारित करने पर सहमत हुए हैं।

# मेरठ रोड पर अज्ञात वाहन ई- रिक्शा में टक्कर मारकर फरार महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ थाना हापुड़ देहात क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मेरठ बाईपास पर ई-रिक्शा में सवार होकर धान की रोपाई करने के महिलाएं और पुरुष जा रहे थे।इसी बीचअज्ञात वाहन ई- रिक्शा में जबरदस्त टक्कर मारकर फरार हो गया।जिसमें टक्कर लगते ही ई-रिक्शा पलट गई।

और ई रिक्शा में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। ई रिक्शा में सवार आधा दर्जन महिलाएं और पुरुष यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।घटनाकी सूचना मिलते ही थाना देहात पुलिस मौके पर पहुंची। और



आनन-फानन में सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# संत भवन ध्वस्तीकरण के विरोध में सर्व समाज ने निकाली प्रभात फेरी

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ के थाना ब्रहमपुरी स्थित सरस्वती लोक कालोनी स्तिथ जैन समाज संत भवन के ध्वस्तीकरण के विरोध मे बुधवार को बड़ी संख्या में महिला, पुरुषों एवं बच्चों ने एकत्रित होकर मेरठ विकास प्राधिकरण के ध्वस्तीकरण के आदेश के विरोध मे प्रभात फैरी निकली प्रभात फेरी मे सरस्वती लोक के सर्व समाज के लोगों ने सहयोग किया और कठोर संदेश दिया कि किसी भी असमाजिक तत्वों के बहकावे में आकर यदि मेरठ विकास प्राधिकरण ने कोई भी कार्यवाही करने की कोशिश की तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।




इस मौके पर उपस्थित जन समूह के हाथों में भिन्न भिन्न प्रकार के नारों की लिखी हुई तख्तियाँ एव धर्म के झण्डे लिये हुए थे।इस मौके पर उपस्थित सूरजभान सिंघल जी ने कहा कि जैन समाज हिन्दू समाज का अभिन्न अंग है।यह समाज सभी धर्मों का सम्मान करने वाला व सभी के सुख दुख में हमेशा साथ खड़ा रहने वाला है।एक समाज विरोधी व्यक्ति अपनी हरकतों से निरंतर द्वेष फैलाने का कार्य कर रहा है और पुलिस सिर्फ मुक दर्शक बन चुपचाप देख रही है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को संज्ञान में लेकर इस व्यक्ति के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करनी चाहिये।वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने कहा है कि कुछ समाज विरोधी असामाजिक तत्व हिन्दू धर्म के विभिन्न घटकों को आपस में लडाकर सदियों से विभाजन कराते आये है जिसको हम ऐसा कभी नही होने देगे क्योकि मंदिर तोड़ना पाप है। अग्रबन्धु मित्र मंडल के अध्यक्ष श्रीराम लाल जी ने कहा है कि जैन समाज व अन्य समाज के लोग कालोनी में भाई भाई की तरह रहते है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा जैनो का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं करेगे।

# बाबूगढ़ क्षेत्र में पशु (भैंसा) दौड़ को लेकर मचा बवाल युवक के साथ मार-पीट करते हुए की गई फायरिंग पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज आरोपियों की तलाश में दबिश जारी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पशु भैंसा दौड करने से मना करने पर मचा बवाल युवक के साथ गाली गलौज मारपीट कर की गई फायरिंग से गांव में मचा हड़कंप। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी। ज्ञात रहे कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव बछलौता में पशु भैंस दौड़ से इनकार करने पर गांव के ही रहने वाले विकास सचिन उर्फ चीनू के द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर कार्तिक के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का मामला सुर्खियों में आया है। जिसमें पीड़ित कार्तिक के चाचा ज्ञानवीर ने थाने में तहरीर देकर अपनी तहरीर में उल्लेख किया है कि 25 जून की रात्रि लगभग 8:00 बजे गांव के ही रहने वाले विकास ने उसके भतीजे कार्तिक को फोन करके भजनपुरा चौराहे पर पशु भैंसा दौड़ के लिए बुलाने पर उसका भतीजा कार्तिक वहां पहुंच गया। लेकिन कार्तिक ने पशु भैंस दौड़ में प्रतिभा करने से मना कर



दिया। कार्तिक की यह बात विकास सचिन उर्फ चीनू को नागवार गुजरी और इन दोनों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर कार्तिक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की कार्तिक जैसे तैसे अपनी जान बचाकर घर पहुंचा। इनका इतने करने से भी मन नहीं भरा तो यह तीन लोग बाइक पर सवार होकर घर पहुंच गए। और कार्तिक को घर के बाहर बुलाकर इन्होंने फिर से मारपीट करते हुए तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोगों को आता देख यह तीन लोग मौके से फरार हो गए। जिसको लेकर पीड़ित के चाचा ज्ञानवीर ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों का सेवन न करने हेतु निकाली जनजागरूकता रैली

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में, डा के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में एन सी सी महानिदेशालय के आदेशों के अनुक्रम में वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द अग्रवाल के निर्देशन मे विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विद्यालय के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं लैफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ के नेतृत्व में ह्नशा मुक्त भारतह्व अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों का सेवन न करने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली निकाली ।वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने एन सी सी कैडेट्स एवं युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली समस्याओं एवं नुकसानों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थों के सेवन से शारीरिक दुर्बलता के साथ साथ अन्य कई प्रकार की विकृतिया उस व्यक्ति के शरीर को क्षीण कर देती है जिसके कारण उसके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होकर उसे विनाश की ओर ले जाती है। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य कर अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया ।कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने एन सी सी कैडेट्स के माध्यम से जनमानस को मादक पदार्थों का सेवन न करने एवं आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि ड्रग्स एक प्रकार का घातक रसायन होता है जिसे ग्रहण करने से मनुष्य के सभी अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ता है ।हमारी नौजवान पीढ़ी मानसिक तनाव एवं सही मार्गदर्शन के अभाव में मुख्य लक्ष्य से भटककर मादक पदार्थों की तरफ आकर्षित हो रही है, जिनमें शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, खैनी, गुटका, अफीम, चरस, कोकीन, हेरोईन, भांग, गांजा एवं ब्राउन शुगर जैसे जानलेवा ड्रग्स शामिल हैं, जिसे रोकना हम सभी की नैतिक ज़िम्मेदारी है ।रैली, विद्यालय से चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलकर बस स्टैंड मोदीनगर, तिबडा रोड़, तरंग रोड, गुरुद्वारा रोड होते हुए विद्यालय पर संपन्न हुई। रैली समाप्ति पर सभी कैडेट्स ने मादक पदार्थों का सेवन न करने का संकल्प लिया। रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स बैनर, पोस्टर, प्लेकार्ड एवं स्लोगन के माध्यम से नशे के सेवन से बचने हेतु आमजन को जागरूक करते नजर आए ।इस दौरान कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल, लै० राजीव जांगिड, सूबेदार मेजर दोज थापा, सूबेदार अफ़्तार, सूबेदार सूर्यमान थाले, हवलदार संतोष कुमार, हवलदार पवन कुमार, हवलदार देवेंद्र बिष्ट, एवं एन सी सी कैडेट्स का विशेष सहयोग रहा ।




# विधायक मंजू शिवाच से मिली एनवायरमेंट क्लब की टीम



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** एनवायरमेंट क्लब की टीम मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच से उनके कार्यालय पर मिली। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया के नेतृत्व में 5 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मिल उन्हें पौधा भेंट किया। एनवायरमेंट क्लब द्वारा बीते पाँच वर्षों से पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता व जमीनी स्तर पर किये जा रहे कार्यों के लिए विधायक ने टीम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। आगामी वन महोत्सव, वृक्षारोपण जन आंदोलन व जल संरक्षण पर भी सार्थक चर्चा हुई। विधायक मंजू शिवाच ने क्लब टीम को गौशाला और शमशान की वीरान भूमियों पर पौधारोपण करने का सुझाव दिया। क्लब के कार्यक्रम समन्वयक मनीष राठौर ने बताया कि आगामी 8 जुलाई को क्लब का छठा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, कार्यक्रम समन्वयक मनीष राठौर, सह समन्वयक उत्कर्ष शर्मा, अर्शी त्यागी, यश व लक्ष्य निचंत मौजूद रहे।

## विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विद्युत चोरों पर की गई कार्रवाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अंतर्गत विशेष चैंकिग अभियान चलाया गया। जिसके दौरान सम्बन्धित अवर अभियन्ता तथा अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर ग्राम फरीदनगर, मोदीनगर में चैंकिग अभियान चलाया गया। चैंकिग अभियान के दौरान 57 नं० व्यक्तियों के परिसर चैक किये गये जिसमें धारा 135 ए के अन्तर्गत 11 नं० प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की गयी तथा 30 नं० विद्युत बिल बकाया होने के कारण संयोजन को अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये ।अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर महेश उपाध्याय ने खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासीगणों से अनुरोध किया है है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत कराये। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, वह अपने उपखण्ड /खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें गये तथा समस्त विद्युत बकायेदार अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र/ऑनलाईन तथा उपकेन्द्र पर उपस्थित होकर अपने विद्युत बिल का भुगतान करें। अन्यथा की स्थिति में अस्थायी रूप से संयोजन विचछेदन तथा पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद व विभागीय टीम के द्वारा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की बाध्यता होगी।

# काईट में होने जा रहा है एआई के युग में नवीन प्रथाओं को पुनर्परिभाषित करना विषय पर 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** काईट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, 27-28 जून, 2025 को ‡एआई के युग में नवीन प्रथाओं को पुनर्परिभाषित करना‡ विषय पर 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी भूमिका पर विचार-विमर्श करने के लिए दुनिया भर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, उद्योग के नेताओं, शोधकताओं और छात्रों को एक साथ लाएगा। अपने अनुकरणीय योगदान के लिए जाने जाने वाले प्रतिष्ठित और उच्च सम्मानित गणमान्य व्यक्ति अपनी उपस्थिति से सम्मेलन को सम्मानित करेंगे। डॉ.




मनोज कुमार तिवारी (निदेशक, आईआईएम मुंबई) प्रख्यात अतिथि के रूप में शामिल होंगे, और डॉ. आतिश चट्टोपाध्याय (निदेशक, आईएमटी गाजियाबाद) मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोधकताओं द्वारा व्यावहारिक मुख्य भाषण दिए जाएंगे। डॉ. हरदीप सिंह सलूजा (स्वोसु, यूएसए), खाकीमोव उमरखोन रुस्तमजोन ओ'गली (नमनगन स्टेट टेक्निकल यूनिवर्सिटी, उज्बेकिस्तान), डॉ. ओरसोल्या कटोना (बुडापेस्ट, हंगरी) और त्रिशा वाल्ड, जे.डी. (डीन, डॉब्सन कॉलेज ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलॉजी) विभिन्न क्षेत्रों में एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव पर अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में आठ केंद्रित तकनीकी सत्र होंगे, जिसमें व्यावसायिक रणनीति, रचनात्मकता, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, डिजिटल परिवर्तन, नैतिकता और स्थिरता में एआई को शामिल किया जाएगा। सम्मेलन का नेतृत्व संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज गोयल, डॉ. आदेश कुमार पांडे, निदेशक अकादमिक के दूरदर्शी नेतृत्व और सम्मेलन अध्यक्ष और डीन के०एस०ओ०एम डॉ. बिंकी श्रीवास्तव के विशिष्ट नेतृत्व में किया जा रहा है। सम्मेलन के संयोजक डॉ. मणि त्यागी और डॉ. मीनाक्षी त्यागी, अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने और आधुनिक प्रबंधन प्रथाओं में एआई के नैतिक एकीकरण को प्रोत्साहित करने के के०एस०ओ०एम के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। हम बौद्धिक रूप से समृद्ध और सहयोगी अनुभव के लिए विविध शैक्षणिक और पेशेवर पृष्ठभूमि से प्रतिनिधियों का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं।

## बाबू जी कल्याण सिंह मार्ग रामघाट तक बनवाने की उठी मांग

वेलकम इंडिया

डीके निगम/ जेपी गौतम रामघाट/बुलंदशहर/ उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह के नाम से बनाए जा रहे अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग को अलीगढ़ से रामघाट तक मार्ग बनाने की भाजपा कार्यकताओं ने एटा के पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया से मांग की है। आपको बतादें कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूजी कल्याण सिंह के नाम से अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग फोर लेन स्वीकृत हुआ है जिसको बनाने के लिए शासन से 400 करोड़ रूपया स्वीकृत हो चुका है लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारी सर्वे करने में लग गए हैं और जुलाई के प्रथम सप्ताह से निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है ।लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से पता चला है कि अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग जनपद बुलंदशहर के रामघाट तिराहे तक ही बनाया जा रहा है 2 किलोमीटर रामघाट तक नहीं बनाया जा रहा है इस बात की रामघाट क्षेत्र के ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता पता चलते ही रोष प्रकट करते हुए बाबूजी के पुत्र एटा के पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया से अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग को रामघाट तिराहे तक ना बनाकर रामघाट तक बनाए जाने की मांग की है। रामघाट के लोगों ने बताया बाबूजी कल्याण सिंह का रामघाट से बहुत लगाव था यही नहीं अतरौली अलीगढ़ क्षेत्र के लोग रामघाट गंगा घाट पर गंगा स्नान करने लिए आते हैं और यह अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग रामघाट तक नहीं बनाया गया तो लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा जब अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग रामघाट के नाम से स्वीकृत हुआ है तो रामघाट तिराहे तक क्यों बनाया जा रहा है इस मार्ग को रामघाट तक बनाने की भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव ब्लॉक प्रमुख अनार सिंह लोधी ग्राम प्रधान वीरपाल सिंह यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार लोधी गजराज सिंह आर्य जयपाल सिंह गौतम विकास अग्रवाल प्रदीप कुमार अग्रवाल रोकिंश कुमार लोधी मंगल सिंह लोधी अजब सिंह लोधी आदि मौजूद रहे।

## सर्प दंश से 6 वर्षीय बालक की मौत परिजनों का रोरोकर बुरा हाल




**पहासू/बुलंदशहर/** पहासू क्षेत्र के गांव फतिहाबाद में सांप के काटने से 6 वर्षीय बालक ऋषभ पुत्र सुमित की मौत हो गई। मृत बालक ग्राम प्रधान लाल सिंह का पौत्र था। जानकारी के अनुसार बुधवार को ऋषभ घर में लगे जामुन के पेड़ के नीचे खेल रहा था। पेड़ के नीचे पड़े पत्थरों में छिपे सांप ने ऋषभ को टांग में डस लिया ।परिजन उसे अलीगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन मृत बालक को बायगीरों तथा झाड़ फूंक वालों के यहां भी ले गए, लेकिन बालक को नही बचाया जा सका। बाद में गमगीन माहौल में ऋषभ का अंतिम संस्कार कर दिया गया। दुखद घटना से परिवार में मचा कोहराम रोरोकर बुरा हाल। परिवार में शोक की लहर छाई हुई है।

# 11 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर चला विकास प्राधिकरण का बुलडोजर

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** -खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलंदशहर द्वारा बुलंदशहर विकास क्षेत्रान्तर्गत जोन-2 में प्राधिकरण सचल प्रवर्तन दल द्वारा स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से सुशील कुमार शर्मा व विजय कुमार अग्रवाल (एडवोकेट) ग्राम बहलीमपुरा दुगार्पुरम प्रथम गली नं0-6 के पास रेलवे रोड बुलंदशहर पर लगभग 11 बीघा कालोनी को ध्वस्त किया गया।

उक्त ध्वस्तीकरण की कार्यवाही स्थानीय पुलिस बल एवं बुलंदशहर - खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर द्वारा सक्षम प्राधिकारी के निर्देशन में सहायक अभियन्ता / अवर अभियन्ता एवं अन्य सहायक स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। ध्वस्तीकरण अभियान प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डा० अंकुर लाठर के कुशल मार्गदर्शन में निरन्तर चलाया जा रहा है । प्राधिकरण की उपाध्यक्ष ने जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति बिना मानचित्र स्वीकृति के विकास/निर्माण न करें एवं किसी अवैध कालोनी के अन्दर भूखण्ड क्रय विक्रय न करें ।प्राधिकरण की सचिव / सक्षम प्राधिकारी ज्योत्सना यादव द्वारा बताया गया कि ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग अभियान अनवरत जारी रहेंगे।



# रेलवे बोर्ड की मीटिंग में बब्बन मियां ने रखीं आमजन की समस्याएं

वेलकम इंडिया

**बुगरासी/बुलंदशहर/** भारतीय रेलवे बोर्ड के सदस्य जुबैद उर रहमान उर्फ बब्बन मियां ने बोर्ड की बैठक में जिले के कई रेलवे स्टेशनों पर आमजन से सम्बंधित समस्याएं रखीं। बब्बन मियां ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 10वीं बैठक प्रयागराज के होटल कान्हा श्याम में आयोजित की गई। बैठक में बब्बन मियां ने समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि नई दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के चोला स्टेशन से नई दिल्ली मुंबई रेल लाइन के पलवल रेलवे स्टेशन तक वाया जेवर एयरपोर्ट तक नई रेल लाइन बिछाई जाए। चोला रेलवे स्टेशन पर मुरी और महानंदा एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। खुर्जा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर वाहन स्टैंड की व्यवस्था की जाये। सभी रेलवे स्टेशनों पर दोनों तरफ से टिकट बुकिंग का प्रबंधन हो जिससे यात्रियों का भाग दौड़ कम हो और सुरक्षित रहे। उत्तर मध्य रेलवे जोन में सभी तीर्थ स्थल की यात्रा के लिए विशेष ट्रेनें आवश्यकता के अनुसार चलाई जाएं। सभी रेलवे स्टेशनों पर विकलांग लोगों के लिए जरूरी सुविधा उपलब्ध हो। सभी रेलवे स्टेशनों पर बुनियादी सुविधाओं के साथ उचित प्रतीक्षालय होना चाहिए ।हाई डेंसिटी वाले मार्गों पर ‡कवच‡ प्रणाली तेजी से लागू की जाए ।सभी फवउउ सदस्यों की सूची अपने जिला व मंडल के स्टेशनों पर लगाई जाए और डीआरएम ऑफिस को भी दे जाए जिस्से निरीक्षण करने में आसानी हो और आपस में तालमेल बना रहे।



# भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का काम कर रही है- प्रवीण चन्द्र पाण्डेय

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को विकास खंड सेमरियावां के अगया में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संविधान बचाओ नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का काम कर रही है। संविधान बदलने के लिये भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन देश की जनता ने उनके नापाक इरादों को ध्वस्त कर दिया। जननायक राहुल गाँधी जी ने केन्द्र सरकार की गलत नीतियों का जबरदस्त विरोध किया है। समाज के दबे कुचले कमजोर तबके की आवाज को बुलंद करने का काम किया है और कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान देश की आत्मा है हमें जो आज अधिकार प्राप्त हैं वह संविधान की देन है। कांग्रेस पार्टी लोगों को जागरूक करने के लिये यह अभियान चला रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय और संचालन अहमद जमाल अंसारी एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर हाजी मुहम्मद नजीर, सैयद तारिक हुसैन, सुनील पाण्डेय, दिलशाद अफसर, रियाज अहमद, फैजान अहमद, इरशाद अहमद, हबीबुर्रहमान, मुशीर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, मोईन अंसारी, अमित कुमार सिंह बिट्टू, महेश कुमार, इब्राहिम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।




## भागवत, संस्कृत, व्याकरण के परम विद्वान गोलोकवासी डॉ. शिवकरण पाण्डेय गुरुजी का 82वां जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित सुखधाम आश्रम में भागवत के मूर्धन्य विद्वान गोलोकवासी डॉ. शिवकरण पाण्डेय ‡गुरुजी‡ का 82वां जन्मोत्सव पीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।सर्वप्रथम आचार्य नेत्रपाल शास्त्री व राजेंद्र शास्त्री एवं समस्त शिष्य परिकर के द्वारा गोलोकवासी डॉ. शिवकरण पाण्डेय ‡गुरुजी‡ के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन करके दीप प्रज्वलित किया गया ।तत्पश्चात मंगलाचरण के साथ सन्त विद्वत संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ ।जिसकी अध्यक्षता करते हुए पण्डित राजाराम मिश्र ‡गुरुजी‡ ने कहा कि गोलोकवासी डॉ. शिवकरण पाण्डेय ज्ञान, भक्ति तथा प्रेम के मूर्तिमान स्वरूप थे ।उन्हें अनेकों ग्रंथ कंठस्थ थे। जानकी वल्लभ मंदिर के अध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज व श्रीनाभापीठ सुदामा कुटी श्रीमहंत अमरदास महाराज ने कहा कि गोलोकवासी डॉ. शिवकरण पाण्डेय की सादगी, सहजता, सरलता और उनके मृदुल व्यवहार की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है ।वो अत्यंत मृदुभाषी और प्रसन्न चित्त थे। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं प्रमुख समाजसेवी पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि गोलोकवासी डॉ. शिवकरण पाण्डेय के त्याग, परिश्रम, भागवत की शिक्षा, व ज्ञान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके विषय में कुछ भी कहना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। आचार्य नेत्रपाल शास्त्री व आचार्य राजेंद्र महाराज ने कहा कि हमारे सद्गुरदेव गोलोकवासी डॉ. शिवकरण पाण्डेय को रामानुज संप्रदाय के होते हुए भी सभी संप्रदायों का ज्ञान था ।नाम, रूप, लीला, धाम में उनकी पूर्ण निष्ठा थी ।साथ ही ब्रज से उनका अपार स्नेह था।



# अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं तस्करी निषेध दिवस पर भागीरथ सेवा संस्थान ने दिलाई शपथ

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को संजय नगर स्थित भागीरथ कैंपस में एक सशक्त और प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। भागीरथ सेवा संस्थान की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में नशे पर प्रहार: रोकथाम, उपचार और सुधार विषय को केंद्र में रखते हुए युवाओं को नशे के खिलाफ खड़ा होने का संदेश दिया गया। कार्यशाला में कैमकुस कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड रिसर्च के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान न केवल उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया, बल्कि एक संगठित तरीके से उन्हें शपथ भी दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज में इसके खिलाफ जनजागरूकता फैलाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से भागीरथ सेवा संस्थान ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशों का पालन करते हुए नशे की रोकथाम, उपचार और पुनर्वास की बहुआयामी चर्चा को मंच दिया। कार्यशाला में यह गहराई से विश्लेषण किया गया कि कैसे नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं को इलाज के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक समर्थन मिलना जरूरी है ताकि वे दोबारा उस दलदल में न गिरें। संस्थान के कोषाध्यक्ष अनादि सुकुल ने बताया कि यह कार्यक्रम नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि यदि समाज के युवाओं को जागरूक किया जाए और उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन मिले, तो वे स्वयं परिवर्तन के वाहक बन सकते हैं। उन्होंने कैमकुस कॉलेज के विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह भागीदारी भविष्य के समाज को नशे से मुक्त करने की दिशा में एक मजबूत नींव है। कार्यशाला में कॉलेज की कोऑर्डिनेटर माहेश्वरी चौधरी ने विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। उन्होंने नशे को केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक समस्या बताते हुए उसके स्थायी समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। नशा मुक्त भारत अभियान की मास्टर ट्रेनर प्रियंका भनोट, अदिति जैन और सुनील शुक्ला ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को यह समझाया कि कैसे वे कम्युनिटी स्तर पर जाकर प्रभावशाली संवाद के जरिए लोगों को नशे से बाहर निकाल सकते हैं। उन्होंने युवाओं को एक सोशल चेंजमेकर की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का माहौल तब और उत्साहजनक हो गया जब सभी छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में शपथ ली कि वे न केवल स्वयं नशा मुक्त रहेंगे, बल्कि समाज को भी जागरूक करेंगे। इस आश्वासन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ कि युवा अब नशे के खिलाफ इस जंग में केवल दर्शक नहीं, बल्कि रणनीतिक योद्धा बनकर उभरेंगे।

## राधा कुंज बृज विहार में 10 एचपी पंप का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राधा कुंज बृज विहार, सेंट्रल पार्क परिसर में गुरुवार को स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी सुविधा का शुभारंभ हुआ। वार्ड 68 के सक्रिय पार्षद विनय चौधरी ने क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर कार्रवाई करते हुए 10 हॉर्स पावर (एचपी) क्षमता वाले शक्तिशाली पंप का उद्घाटन किया। इस पंप के शुरू होने से अब क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने पार्षद का आभार जताया और कहा कि ग्रीष्मकाल में जब कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति एक गंभीर चुनौती बन जाती है, ऐसे समय में यह पंप लोगों के लिए एक जीवनरेखा की तरह काम करेगा। पार्षद विनय चौधरी ने कहा कि राधा कुंज और आसपास के क्षेत्रों में पानी की समस्या को लेकर लोगों की शिकायतें लगातार आ रही थीं। हमने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम और संबंधित विभागों से समन्वय कर यह 10 एचपी पंप स्वीकृत कराया और आज उसे जनता को समर्पित कर रहे हैं। मेरा लक्ष्य है कि वार्ड 68 का कोई भी नागरिक पानी जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित न रहे। पार्षद ने यह भी कहा कि यह केवल शुरूआत है। आने वाले समय में क्षेत्र में सीवरेज लाइन, स्ट्रीट लाइट्स, सड़कों के सुधार और जलनिकासी व्यवस्था को भी बेहतर बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उनका स्पष्ट कहना था कि विकास कार्यों में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और जनता को हर सुविधा प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, युवाओं और कॉलोनीवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। स्थानीय निवासियों ने तालियों और पुष्पगुच्छों से पार्षद का स्वागत करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। शुभारंभ के बाद पंप का तकनीकी परीक्षण भी किया गया, जिसमें यह देखा गया कि पंप से निर्बाध रूप से जलापूर्ति हो रही है और यह सेंट्रल पार्क क्षेत्र सहित आसपास की गलियों तक पानी पहुंचाने में सक्षम है। तकनीकी टीम ने बताया कि यह पंप विशेष रूप से गर्मियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है और इसकी क्षमता आम घरेलू पंपों से कहीं अधिक है।

## गाजियाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, 20 से अधिक विभागों की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कांवड़ियों की सुरक्षा-सुविधा पर उट का फोकस झ शिविरों में पेयजल, चिकित्सा, स्वच्छता और सीसीटीवी की व्यवस्था के निर्देश ईको-फ्रेंडली यात्रा के लिए प्लास्टिक मुक्त शिविर, डस्टबीन और स्वच्छता मित्रों की व्यवस्था के सख्त निर्देश हिन्डन नदी पुनर्जीवित योजना में तेजी लाने और प्रदूषण नियंत्रण पर उट का सख्त रुख जनता के लिए पूर्वांचल भवन, कैलाश मानसरोवर भवन आदि के उपयोग पर भी बनेगा प्रस्ताव पहल पोर्टल का शुभारंभ झ संपत्ति से जुड़ी 1.40 लाख से अधिक फाइलें अब घर बैठे एक क्लिक में अब तक ?161.22 करोड़ का राजस्व, 83 केसों में बदलाव, पारदर्शिता और समय की बचत सीएम ने कहा झ ₹जनहित सर्वोपरि है, गाजियाबाद को स्मार्ट, सुरक्षित और संवेदनशील शहर बनाना है कांवड़ यात्रा को बनाएंगे भव्य और शांतिपूर्ण हिन्डन को फिर से जीवन देंगे जनता को मिलेंगी डिजिटल सुविधाएं बैठक में मौजूद रहे मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारीगण

## सौरभ जायसवाल को मिली राष्ट्रीय जिम्मेदारी, बने अखिल भारतीय जायसवाल महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** संगठन और समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पण की मिसाल बन चुके सौरभ जायसवाल को अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी (2025-2028) में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राजनीतिक गतिविधि प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों का दायित्व सौंपा गया है। यह नियुक्ति उनके दशकों से किए गए अथक परिश्रम, सामाजिक प्रतिबद्धता और संगठनात्मक कुशलता का परिणाम है। अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जुड? पर सौरभ जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर मोदी और महामंत्री डॉ शैलेन्द्र जायसवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महासभा द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा। सौरभ जायसवाल का नाम गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि देश-प्रदेश की भाजपा संगठनात्मक संरचना और वैश्य समाज में एक सम्मानजनक पहचान बन चुका है। वे बीते 24 वर्षों से भाजपा संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाते आ रहे हैं, जिनमें मंडल अध्यक्ष, महानगर कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी और प्रदेश स्तर के पद शामिल हैं। यही नहीं, विभिन्न समितियों और मंचों पर भी उन्होंने अपने विचारों व कार्यों से लोगों का विश्वास जीता है। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कुमार कश्यप के प्रतिनिधि हैं और भाजपा ओबीसी मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका कार्य केवल पद तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन से जुड़ा हुआ है समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने की ललक उनके हर काम में झलकती है। जायसवाल समाज सहित सम्पूर्ण वैश्य समाज में उनके योगदान को कभी नकारा नहीं जा सकता। समाज के लिए कार्य करते हुए उन्होंने हजारों युवाओं को प्रेरित किया, अनेक सामाजिक योजनाओं को आगे बढ़ाया और कई सामाजिक संघर्षों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। अखिल भारतीय जायसवाल महासभा में उन्हें जो नई भूमिका दी गई है, वह न केवल उनके कार्यों की स्वीकृति है, बल्कि यह भी संकेत है कि अब वे राष्ट्रीय स्तर पर समाज और राजनीति को नई दिशा देने जा रहे हैं। सौरभ जायसवाल को जो भी जिम्मेदारी मिली, उन्होंने उसे केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक मिशन की तरह निभाया।

## परी चौक की चमक लौटाएगा ग्रेनो प्राधिकरण, ओएसडी गुंजा सिंह ने लिया जायजा



वेलकम इंडिया

ग्रेटर नोएडा की खास पहचान परी चौक को चमकाने का कार्य तेजी से चल रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ओएसडी गुंजा सिंह परी चैक पर चल रहे कार्यों की निगरानी नियमित रूप से कर रहीं हैं। बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह ने परी चैक पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि परी चौक पर लगीं परियों को रिपेयर करने के साथ ही साफ-सफाई व रंगाई-पुताई का कार्य कराया जा रहा है। आसपास पेड़ों की छंटाई की जा रही है। परी चौक पर फाउंटेन को दुरुस्त किया जा रहा है। आसपास की ग्रीन बेल्ट की सफाई की जा रही है। गोलचक्कर पर नई घास भी लग रही है। लाइटिंग व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है। इन कार्यों को एक माह के भीतर संपन्न करने के निर्देश दिए गए हैं। ओएसडी के दौरे के समय उद्यान विभाग के प्रभारी पीपी मिश्रा भी मौजूद रहे।

## पटवारी राम सिंह बिरदी का तबादला तो हुआ, पर रिलीव नहीं!

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन को खुलेआम चुनौती देने और अफसरशाही की चुप्पी पर सवाल खड़े करने वाला मामला गाजियाबाद की सदर तहसील से सामने आया है। यहां पटवारी राम सिंह बिरदी ने ऐसा तंत्र खड़ा कर रखा है कि जिलाधिकारी दीपक मीणा के आदेश के 10 दिन बाद भी उन्हें रिलीव नहीं किया जा सका। डीएम द्वारा 15 जून को पटवारियों के कार्यक्षेत्र में व्यापक फेरबदल किया गया था, जिसके तहत राम सिंह बिरदी का ट्रांसफर सदर से मोदीनगर कर दिया गया। उन्होंने चार्ज तो छोड़ दिया, मगर अब तक मोदीनगर में कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। आरोप हैं कि उनके रसूख और मलाईदार व्यवस्था से लाभान्वित अधिकारी जानबूझकर उन्हें रिलीव नहीं कर रहे हैं। सवाल यह है कि जब जिलाधिकारी स्तर से आदेश जारी हो चुका है, तो एसडीएम सदर और तहसीलदार क्यों मौन हैं? क्या पटवारी की मलाई का कुछ हिस्सा ऊपर तक पहुंच रहा है? या फिर सदर में जमे-जमाए सिस्टम को छेड? की किसी में हिम्मत नहीं? प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, राम सिंह बिरदी के खिलाफ पिछले कई महीनों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। उन पर आरोप है कि वे ऑफिस में बैठते नहीं, फोन रिसीव नहीं करते, और बिना नजराना लिए कोई काम नहीं करते। जनता की समस्याओं से उनका कोई सरोकार नहीं, और ट्रांसफर के बाद भी उनके रवैये में कोई बदलाव नहीं आया है।

## हाउस टैक्स की 'हिटलरशाही के खिलाफ 30 जून से पहले बनेगी निर्णायक रणनीति

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई भारी बढ़ोतरी को लेकर नाराज पार्षदों ने एक बार फिर कमर कस ली है। गुरुवार को नवयुग मार्केट स्थित निगम मुख्यालय के पार्षद कक्ष में हुई अहम बैठक में सभी पार्षदों ने एक स्वर में इस 'हिटलरशाही टैक्स नीतिज् के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का ऐलान किया। पार्षदों ने यह भी तय किया कि 30 जून को होने वाली निगम बोर्ड बैठक से पहले वे गाजियाबाद के पदेन सदस्यों से संपर्क कर जनता की नाराजगी सीधे तौर पर अवगत कराएंगे और बोर्ड में टैक्स विरोधी पक्ष को मजबूती प्रदान करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी पार्षदों ने महापौर सुनीता दयाल द्वारा टैक्स मुद्दे पर 30 जून को बोर्ड बैठक बुलाने के फैसले का स्वागत किया और उनका आभार जताया। यह वही मुद्दा है, जिस पर हाल ही में 76 पार्षदों ने महापौर को लिखित में ज्ञापन सौंपा था और जनता की नाराजगी को निगम तक पहुंचाया था। बैठक में यह रणनीति भी तय की गई कि अब इस जनहित के मुद्दे को केवल नगर निगम दायरे में सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि निगम के पदेन सदस्य सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, विधायक अजीत पाल, विधायक संजीव शर्मा और विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल से सीधे संपर्क साधा जाएगा। पार्षद इन जनप्रतिनिधियों के कैंप कार्यालयों पर जाकर उन्हें अवगत कराएंगे कि कैसे नगर निगम की टैक्स नीति जनता पर बोझ डाल रही है और किस तरह अफसरशाही ने इसे मनमानी का रूप दे दिया है।

## केपी गुप्ता को डॉक्टरेट की उपाधि, मानवता की सेवा को बना लिया जीवन का उद्देश्य

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जब समाजसेवा जुनून बन जाए और परोपकार जीवन का ध्येय, तब ऐसे लोग समाज में प्रेरणा का प्रतीक बनते हैं। गाजियाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी कांती प्रसाद (केपी) गुप्ता ऐसे ही व्यक्तित्व हैं, जिनकी समाजसेवा को सम्मानित करते हुए सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी ने उन्हें मंगलवार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके अथक सेवा कार्यों और जनहित में दिए योगदान के लिए दिया गया। श्री केपी गुप्ता केवल नाम के बिल्डर नहीं हैं, उन्होंने जीवन भर समाज की बुनियाद को मजबूत करने वाले कार्य किए हैं। उन्होंने अब तक 18,750 से अधिक गरीबों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराकर उनकी आंखों की रोशनी लौटाई है। यह कार्य उन्होंने बिना किसी सरकारी सहायता के, केवल समाज कल्याण की भावना से प्रेरित होकर किया है। केपी गुप्ता का मानना है कि पैसा कमाना सफलता है, लेकिन उसे जरूरतमंदों पर खर्च करना असली सार्थकता है। इसी सोच को लेकर उन्होंने डासना के गांलद क्षेत्र में केपी गुप्ता लांयस आई हॉस्पिटल का निर्माण आरंभ किया है, जहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क प्राप्त कर सकेंगे।


# ग्रेनो प्राधिकरण, स्टांप विभाग व बिल्डर ने मिलकर रजिस्ट्री के लिए आर जी सोसाइटी में लगाया शिविर

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा में आरजी लग्जरी के फ्लैट खरीदारों के लिए बृहस्पतिवार का दिन बहुत खुशी लेकर आया। लंबे इंतजार के बाद बृहस्पतिवार को खरीदारों के नाम फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू हो गई। खरीदारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, स्टांप विभाग व बिल्डर ने मिलकर फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए सोसाइटी परिसर में ही शिविर लगाया। दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, दादरी विधायक तेजपाल नागर, ग्रेनो प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह, एआईजी स्टांप बृजेश कुमार, सब रजिस्ट्रार विकास गौतम, आईआरपी मनोज कुलश्रेष्ठ और आरजी रेजीडेंसी ग्रुप के एमडी राजेश गोयल ने इसका शुभारंभ किया। पहले दिन करीब 100 फ्लैटों की रजिस्ट्री कर खरीदारों को दस्तावेज सौंपे गए। पहले चरण में लगभग 750 फ्लैटों की रजिस्ट्री होनी है। 2010 में आवंटित इस प्रोजेक्ट में लगभग 1900 फ्लैट हैं। इस अवसर पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि ने कहा कि कई बिल्डर प्रोजेक्ट फंसे हुए थे। खरीदारों ने लोन लेकर फ्लैट खरीदा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से खरीदारों को उनके सपने का घर मिलना संभव हुआ है। उन्होंने आरजी लग्जरी के फ्लैट खरीदारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देर आए दुरुस्त आए। अतिथियों ने फ्लैट खरीदार प्रदीप बंसल, कौशल किशोर, शुभम सिंह, अमरदीप सिंह समेत कई खरीदारों को रजिस्ट्री के दस्तावेज सौंपे। फ्लैट खरीदारों ने खुशी जाहिर करते हुए प्राधिकरण और प्रदेश सरकार की सराहना की।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एसीईओ ने चार मूर्ति चौक पर अंडरपास, 45 एमएलडी एसटीपी, शाहबेरी में प्रस्तावित एलिवेटेड रोड, जलापूर्ति नेटवर्क बनाने आदि के बारे में जानकारी दी। एसीईओ ने आरजी लग्जरी के फ्लैट खरीदारों के धैर्य की सराहना की और मालिकाना हक मिलने पर खुशी जाहिर की।
– प्रेरणा सिंह, एसीईओ, ग्रेनो प्राधिकरण





फ्लैट खरीदारों को मालिकाना हक दिलाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पहल पर बिल्डर-बायर्स मुद्दा हल करने के लिए पहली बार कमेटी बनाई गई।
– तेजपाल नागर, विधायक दादरी